श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 263, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 19 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# किसानों को दीपावली का गिफ्टः केंद्र की गेहूं के मूल्य पर 110 रुपये की बढ़ोत्तरी

## हरियाणा में अब 2125 रुपये प्रति क्विंटल में होगी खरीद, सरसों के भाव भी 400 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े

**चंडीगढ़ः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को दीपावली से पह**ले बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र सरकार की ओर से गेहूं के मूल्य पर 110 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। इसके बाद हरियाणा में अब 2125 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से गेहूं की खरीद की जाएगी। केंद्र की इस घोषणा से सरसों के भाव में भी 400 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए हैं। हरियाणा बीजेपी ने केंद्र के इस फैसले का स्वागत किया है।

**इनके भी बढ़े भावः** गेहूं और सरसों के अलावा दाल व तिलहन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने मसूर के भाव में 500 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की है। सरकार ने जौ के भाव में 100 रुपये, चना के भाव में 105 रुपये और सूरजमुखी के भाव में 209 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है।

मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार किसानों की भलाई के लिए प्रयासरत है। फसल बीमा योजना हो या खाद की कीमतें कम रखने का प्रश्न हो, हर क्षेत्र में किसानों पर बोझ न पड़े, इसका ख्याल रखा जा रहा है। 2018 में सरकार ने लागत से 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी देने का फैसला लिया था। इसी क्रम में लगातार सरकार द्वारा एमएसपी दी जा रही है। एमएसपी कई बार लागत से 2 गुना तक भी पहुंच रही है। वर्तमान में लागत से गेहूं पर 100 प्रतिशत और सरसों पर 106 प्रतिशत अधिक एमएसपी दी जा रही है।

**रबी की फसलों पर 9 फीसदी वृद्धिः** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने रबी सीजन की प्रमुख फसलों का नौ प्रतिशत तक एमएसपी बढ़ाने पर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र तोमर का आभार व्यक्त किया है। धनखड़ ने कहा कि रबी सीजन में अब किसान का गेहूं सरकारी मंडियों में 2125 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा। सरसों के भाव 400 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाए गए है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार ने रबी सीजन की प्रमुख फसलों का एमएसपी बढ़ाकर देशभर के करोड़ों किसानों को दिवाली के पावन पर्व का तोहफा देने का काम किया है। पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 12 वीं किस्त जारी कर 16 हजार करोड़ रुपये सीधे किसानों के बैंक खातों में पंहुचाए हैं। आज रबी सीजन की फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसान हित में बड़ा निर्णय लिया है।

**इनके भी बढ़े भाव**

सरकार के मुताबिक गेहूं में 110 रुपये, जौ में 100 रुपये, चने में 105 रुपये, मसूर में 500 रुपये, सरसों मे 400 रुपये और कुसुम में 209 रुपये की वृद्धि की गई है। इस वृद्धि से अब गेहूं 2125, जौ 1735, चना 5335, मसूर 6000, सरसों 5450 और कुसुम की 5650 रुपये में सरकारी खरीद की जाएगी।

## 'विविधता-लोकतंत्र कायम रखने में भारत दुनिया के लिए केस स्टडी'

# ऑनलाइन से कट्टरता फैला रहे आतंकीः मोदी







**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में जारी इंटरपोल के 90वीं महासभा का उद्घाटन किया। इस मौके पर अपने भाषण के दौरान पीएम ने कहा कि विविधता और लोकतंत्र को कायम रखने में भारत दुनिया के लिए एक केस स्टडी है। उन्होंने कहा कि पिछले 99 वर्षों में इंटरपोल ने 195 देशों में विश्व स्तर पर पुलिस संगठनों को जोड़ा है। यह कानूनी ढांचे में अंतर के बावजूद है। मोदी ने भारतीय सैन्य बलों की तारीफ करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान में बहादुर लोगों को भेजने में शीर्ष योगदानकर्ताओं में से एक है। अपनी आजादी से पहले भी, हमने दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए बलिदान दिया है। भारतीय पुलिस बल 900 से अधिक राष्ट्रीय और 10,000 राज्य कानूनों को लागू करता है। इससे पहले पीएम ने महासभा के उद्घाटन के दौरान पोस्टल स्टांप और 100 रुपये का सिक्का जारी किया।

**2023 में 100 साल पूरे करेगा इंटरपोलः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंटरपोल एक ऐतिहासिक मील के पत्थर के करीब पहुंच रहा है। 2023 में, यह अपने 100 साल पूरे करेगा। यह दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए सार्वभौमिक सहयोग का आह्वान है। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान में शीर्ष योगदानकताओं में से एक है। दुनिया भर में पुलिस बल न केवल लोगों की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक कल्याण को आगे बढ़ा रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान में बहादुर लोगों को भेजने में शीर्ष योगदानकर्ताओं में से एक है।

अपनी आजादी से पहले भी, हमने दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए बलिदान दिया है। भारतीय पुलिस बल 900 से अधिक राष्ट्रीय और 10,000 राज्य कानूनों को लागू करता है। 90वीं इंटरपोल महासभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विविधता और लोकतंत्र को कायम रखने में भारत दुनिया के लिए एक केस स्टडी है। पिछले 99 वर्षों में इंटरपोल ने 195 देशों में विश्व स्तर पर पुलिस संगठनों को जोड़ा है।

**पाकिस्तान ने साधी चुप्पीः** दिल्ली में इंटरपोल महासभा में भाग ले रहे पाकिस्तान के संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के महानिदेशक मोहसिन बट ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद को लेकर पूछे गए एक सवाल पर चुप्पी साध ली। उनसे पूछा गया था कि क्या वे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद को भारत को सौंप देंगे?

# केदारनाथ में श्रद्धालुओं को ले जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश

## पायलट समेत 7 की मौत, इनमें 3 गुजरात और 3 तमिलनाडु के

**देहरादूनः केदारनाथ** में श्रद्धालुओं को ले जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में 2 पायलट समेत 7 लोगों की मौत हो गई है। हादसे की वजह खराब मौसम और कोहरा बताया जा रहा है। घने कोहरे की वजह से हेलिकॉप्टर जमीन से टकरा गया। इसके बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गई। हेलिकॉप्टर आर्यन एविएशन के बेल कंपनी का है। हेलिकॉप्टर ने मंगलवार सुबह 11.25 बजे केदारनाथ बेस कैंप से नारायण कोटी-गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 15 मिनट बाद गरुड़चट्टी के पास वह क्रैश हो गया। कुछ फोटोज और वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें हेलिकॉप्टर का मलबा, आग और स्थानीय लोग दिखाई पड़ रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। मृतकों



के नाम पूर्वा रामानुज, कृति ब्राड, उर्वी, सुजाता, प्रेम कुमार, कला और पायलट अनिल सिंह हैं। इनमें से पूर्वा, कृति, उर्वी गुजरात के हैं, पायलट अनिल महाराष्ट्र के हैं। बाकी तीन तमिलनाडु के हैं।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा- नजर बनाए हुए हैंः** केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में हेलिकॉप्टर का दुर्घटनाग्रस्त होना दुर्भाग्यपूर्ण है। हम राज्य सरकार के टच में है और हादसे में नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

# बिलकिस गैंगरेपः दोषियों की रिहाई पर हुई सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्लीः** बिलकिस बानो रेप केस के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। याचिका में कहा गया है कि इस पूरे मामले की जांच सीबीआई ने की थी इसलिए गुजरात सरकार दोषियों को सजा में छूट का एकतरफा फैसला नहीं कर सकती।

**सरकार का हलफनामा- नियम के तहत छोड़ाः** दोषियों को रिहा करने पर गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। गुजरात सरकार ने कहा है कि गृह मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद ही दोषियों को रिहा किया गया है। रिमिशन पॉलिसी के तहत सभी दोषियों को जेल से छोड़ा गया है। इस मामले में पीआईएल दाखिल होना कानून का दुरुपयोग है। किसी बाहरी व्यक्ति को आपराधिक मामले में दखल देने का अधिकार कानून नहीं देता है, इसलिए याचिका खारिज की जाए।

**गुजरात सरकार ने बनाई थी समितिः** बिलकिस बानो वाले मामले में 11 दोषियों में से एक राधेश्याम भगवानदास शाह ने सीधे गुजरात हाईकोर्ट में अपील दायर की।

## इंटरपोल की मीटिंग में पत्रकारों ने पूछा- वांटेड आतंकी भारत को कब सौपेंगे

# दाऊद-हाफिज पर पाकिस्तान की चुप्पी

**नई दिल्लीः मोस्ट** वांटेड आतंकी दाऊद इब्राहिम और हाफिज सईद को पाकिस्तान सरकार भारत को कब सौंपेगी? नई दिल्ली में इंटरपोल की बैठक में शामिल होने पहुंचे पाकिस्तान फेडरल एजेंसी के डायरेक्टर ने इस सवाल पर चुप्पी साध ली। वे भारत के साथ प्रत्यर्पण संधि आगे बढ़ाने के सवाल पर भी कुछ नहीं बोले। इंटरपोल जनरल असेंबली 25 साल के बाद भारत में हो रही है। पिछली बार भारत में यह बैठक 1997 में हुई थी। दिल्ली में यह बैठक 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलेगी और



इसमें 195 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

ढट मोदी बोले- बैठक में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद, भ्रष्टाचार, ड्रग्स की तस्करी, अवैध शिकार और संगठित अपराध को मानवता के लिए वैश्विक खतरा बताया। पीएम ने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए विश्व को एकजुट करने का समय आ गया है। मोदी ने आगे कहा कि आतंकवाद सिर्फ भौतिक रूप से ही नहीं मौजूद है, बल्कि अब वह साइबर खतरों और ऑनलाइन कट्टरता से भी अपना दायरा बढ़ा रहा है।

**इंटरपोल क्या है, कैसे काम करता है?:** इंटरपोल अर्थात इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन एक ऐसी संस्था है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों की पुलिस के बीच तालमेल करती है।

# 5 राज्यों के 40 ठिकानों पर एनआईए की रेड

**नई दिल्लीः देशभर के 5 राज्यों में नेशन**ल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की छापेमारी चल रही है। यह छापेमारी दिल्ली, पटना, हरियाणा, राजस्थान, चंडीगढ़ और पंजाब के 40 ठिकानों पर की गई है। भारत और विदेशों में स्थित आतंकवादियों, गैंगस्टर्स और ड्रग स्मगलर के उभरते नेक्सेस को खत्म करने के लिए यह रेड डाली गई है। पटना के फुलवारी शरीफ में गजवा-ए-हिन्द से जुड़े मरगुब अहमद उर्फ दानिश के घर एनआईए ने रेड मारी। उसके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। दानिश की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। वह गजवा-ए-हिंद वॉट्सऐप ग्रुप का एडमिन है।

**यहां भी पड़े छापेः** हरियाणा के झज्जर में गैंगस्टर नरेश सेठी के ठिकाने पर एनआईए छापेमारी की। मंगलवार सुबह 4 बजे जांच एजेंसी पुलिस के साथ नरेश सेठी के घर पहुंची।

सेठी की अवैध सम्पति और बैंक डिटेल को खंगाला गया। उनके घरवालों से भी पूछताछ की गई। गैंगस्टर सेठी हत्या, फिरौती समेत अन्य कई संगीन मामलों में शामिल रहा है। वह अभी तिहाड़ जेल में बंद है।

## मुख्यमंत्री ने श्री महाकाल लोक के विस्तारीकरण के द्वितीय चरण के निमार्णाधीन कार्यों का किया अवलोकन

# श्री महाकाल लोक शीघ्र ही महालोक के रूप में होगा परिवर्तितः शिवराज

**उज्जैनः** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को श्री महाकाल लोक के विस्तारीकरण के द्वितीय चरण के निमार्णाधीन कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने निमार्णाधीन कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान महाकालेश्वर की कृपा से प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। द्वितीय चरण के अन्तर्गत निमार्णाधीन कार्य शीघ्र ही पूर्ण होंगे। ह्यश्री महाकाल लोकह्न शीघ्र ही महालोक के रूप में परिवर्तित होगा। 47 हेक्टेयर का विशाल परिसर दिव्य और अलौकिक ऊर्जा का केन्द्र बनेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने इस दौरान द्वितीय चरण में बनने वाले शिखर दर्शन, ध्यान कक्ष, छोटे रूद्र सागर के जीर्णोद्धार, महाराजवाड़ा हैरिटेज धर्मशाला का निरीक्षण किया। कलेक्टर



आशीष सिंह और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के इंजीनियर ने मुख्यमंत्री को निर्माणाधीन कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**मुख्यमंत्री ने महाकाल लोक का किया भ्रमणः** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को उज्जैन प्रवास के दौरान नवनिर्मित महाकाल लोक का भ्रमण किया। सांसद अनिल फिरोजिया ने इलेक्ट्रॉनिक वाहन चलाया, जिसमें बैठकर मुख्यमंत्री चौहान ने महाकाल लोक में निर्मित कलाकृतियों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाकाल लोक के अनुपम सौन्दर्य का अवलोकन करने प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आये श्रद्धालुओं से चर्चा की। उन्हें महाकाल लोक के अदभुत सौन्दर्य एवं पत्थरों पर उकेरी गई कलाकृतियों की जानकारी दी और उनसे फीडबेक भी लिया। प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं देश के विभिन्न स्थानों से आये हुए श्रद्धालुओं ने महाकाल लोक की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री चौहान को बताया कि महाकाल लोक अद्वितीय है एवं अनुपम है।

# राम रहीम की पैरोल का 'चुनाव कनेक्शन' सामने आया

**हिसारः** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम का हरियाणा में पंचायत चुनाव कनेक्शन सामने आ गया है। उत्तर प्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम से राम रहीम ने पहला ऑनलाइन सत्संग किया। इसका पता चलते ही पंचायत चुनावों के उम्मीदवार समर्थन मांगने उसके सत्संग में पहुंच गए। ये सभी सरपंच, ब्लॉक समिति मेंबर और जिला परिषद पदों के दावेदार उम्मीदवार थे। राम रहीम ने कहा कि उनको पूरा-पूरा आशीर्वाद है। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल के विधानसभा क्षेत्र करनाल की नगर निगम चेयरपर्सन रेणु बाला गुप्ता और सीनियर मेयर और डिप्टी मेयर



भी हाजिरी लगवाने पहुंचे। तीनों भाजपा के वरिष्ठ नेता है। उन्होंने राम रहीम से ऑनलाइन ही आशीर्वाद लिया।

**करनाल नगर निगम की बीजेपी चेयरपर्सन ने दर्शन मांगेः** राम रहीम ने करीब दो घंटे तक ऑनलाइन सत्संग किया। वह सत्संग में प्रवचन करते हुए खुद को संत की उपाधि दे रहा है। साथ ही जब अपने प्रेमियों यानी श्रद्धालुओं से वार्तालाप की तो करनाल के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में सीनियर मेयर राजेश ने कहा कि मैं डेरे से पुराना जुड़ा हूं।

## खबर संक्षेप

### मऊआइमा के ग्राम खजुरहा शारदा सहायता नहर में मिला बोरे में महिला का शव

**मऊआइमा।** मंगलवार को सुबह सौच के लिए गए ग्रामीणों को नहर में एक बोरा देखाई दी। जिसमें से तेज बदबू आ रही थी। बोरे में एक महिला का सडा गला शव देख कर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर काफी शिनाख्त कराई। परन्तु कुछ पता नहीं चला। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरहा स्थित शारदा सहायक नहर में मंगलवार की सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने जब नहर की ओर देखा एक बोरा पडा है। जिसमें से तेज बदबू आ रही थी। ग्राम प्रधान राम सजीवन पटेल ने इसकी सूचना मऊआइमा पुलिस को दी। पुलिस बोरा खोल कर देखी ।तो उसमें एक सडी गली एक महिला जिसकी उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष का शव था। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों का अनुमान है कि यह शव लगभग दस से पन्द्रह दिनों की है। बोरा प्रतापगढ़ की ओर से बह कर मऊआइमा आ गई और पानी कम होने पर पता चला। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम और शिनाख्त के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।



घटनास्थल का मुआयना करती पुलिस





दोनो मृतकों की फाइल फोटो



# मिट्टी की खुदाई करते समय टीला ढहा दो महिलाओं की मौत, एक गंभीर

**घूरपुर देवरिया गांव के पिपरहवा का पूरा मजरे में मगंलवार दोपहर पुताई के लिए मिट्टी खोदने गई दो महिला व एक किशोरी हुईं हादसे का शिकार**

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के पिपरहवा का पूरा मजरे में मगंलवार की दोपहर दिवाली के मद्देनजर पुताई के लिए मिट्टी खोदने गई, दो महिला व एक किशोरी मिट्टी का टीला ढह जाने से मिट्टी के मलबे में दब गई । सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने मिट्टी का मलबा हटा महिलाओं को निकाला और इलाज के लिये अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया । और किशोरी जिसे गहरी चोट थी उसका इलाज किया जा रहा है । सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । घटना के पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है ।

घूरपुर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के माजरा निवासी पूर्व प्रधान वीपी पटेल की मां रामसँवारी (60) गांव की शशिकली देवी (32)पत्नी सुरेंद्र व नेहा(16) पुत्री विजय बहादुर के साथ दिवाली त्योहार में साफ सफाई व पुताई के लिए गांव के बाहर स्थित टीले के नीचे घुस कर मिट्टी की खुदाई कर रही थी ।इसी बीच भरभरा कर टीला अचानक ढह गया। जिससे मिट्टी के ढहे मलबे के नीचे उपरोक्त तीनो बुरी त`ह दब गई । घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो एकत्र होकर मौके पर पहुंचे और मलबे को हटाकर तीनों को निकाला तो तीनों अचेत थी। तीनो को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया । जहां डॉक्टरों ने रामसँवारी व शशिकली देवी को मृत घोषित कर दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । उधर गंभीर रूप से घायल नेहा का इलाज किया जा रहा है। घटना से जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वही गांव के लोगो में भी दुख व्याप्त है।



घटना के बाद मृतक महिला के घर लगी लोगों की भीड़

### दीपावली त्योहार के पहले गांव में छाया मातम

दीपावली त्योहार के चंद दिनों पहले मगंलवार के दिन पिपरहावा का पूरा गांव में हुए हादसे में दो महिलाओ की मौत व तीसरी महिला की नाजुक हालत की वजह से पूरे गांव में मातम छा गया। त्योहार की तैयारी में व्यस्त लोगों तैयारियां एकाएक ठप हो गया। मंगलवार की हादसे ने दिपावली पर्व को फीका कर दिया।

### पूर्व में भी इस तरह के हादसे में आधा दर्जन लोगों की हो चुकी है मौत

क्षेत्र में इस तरह की हादसा कोई नया नहीं है दिपावली त्योहार के नजदीक समयो में घर की पुताई करने के लिए मिट्टी खुदाई करते समय 7वर्ष के अंदर आधा दर्जन लोगों की मौत इसके पहले भी हो चुकी है। 6वर्ष पूर्व देवरिया गांव में मिट्टी खुदाई करते समय टीले ढहने से दो किशोर की मौत हो गई थी। वहीं 5वर्ष पूर्व गडरिनतारा गांव के 22वर्षीय युवक की भी दिपावली पर्व के 7 दिन पूर्व ही टीले ढहने से मौत हो चुकी है। बीकर, बिरवल भीटा में भी इस बीच तीन लोगों की मौत चुकी है।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**करछना।** थाना के क्षेत्र अंतर्गत कचरी गांव के सामने मिजार्पुर प्रयागराज हाईवे पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मिजार्पुर जिले के पंडरी थाना क्षेत्र का रहने वाला धरमजीत यादव 29 वर्ष पुत्र प्यारेलाल प्रयागराज शहर के किसी शोरूम में काम करता है। सोमवार रात 11 बजे के करीब वह बाइक से घर के लिए लौट रहा था। अभी वह कचरी गांव के सामने पहुंचा था, तभी पीछे की ओर से तेज रफ्तार आ रहा ट्रक चालक ने बेकाबू होकर बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला । हादसे में धरमजीत यादव मार्ग से दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों के बीच भिड़ंत होने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जहां युवक मार्ग से दूर गिरा पड़ा था और उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना होने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची । जहां मृतक युवक के मोबाइल फोन से नंबर निकाल कर उसके घर वालों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

### पिकअप की टक्कर से घायल युवक की मौत

**झूंसी।** जीटी रोड पर पिकअप की टक्कर से सोमवार को घायल हुए युवक की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने चालक व वाहन पर मामला दर्ज किया है। सोमवार की शाम झूंसी पुलिस बूथ के निकट वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर शहर की ओर जा रही एक अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने दो बाइक सवार युवक को टक्कर मार कर भाग रही थी जिसे ट्रैफिक के सिपाहियों ने पकड़ लिया था। पिकअप की टक्कर से कर्नलगंज के ओम गायत्री नगर निवासी दुर्गेश तिवारी 26 पुत्र रमेश तिवारी को गंभीर चोट आई थी जिसका निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा था इलाज के दौरान दुर्गेश की मौत हो गई परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### साइकिल सवार वृद्ध को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**मऊआइमा।** साइकिल से जारहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सकरामऊ निवासी राम सजीवन 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय दातादीन सोमवार को देर रात्रि साइकिल से सामान लेने जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे राम सजीवन फोरलेन पर पहुंचे अज्ञात वाहन कुचल कर भाग गया। ग्रामीण जब तक कुछ कर पाते राम सजीवन की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मृतक के दो पुत्र एक पुत्री हैं। सभी की शादी हो चुकी है। रामसजीवन की मौत की खबर सुनकर घर कोहराम मच गया।

## सार्वजनिक हैंडपंप को अवरुद्ध करने पर आमरण अनशन पर बैठा समाजसेवी

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के सेमरी बाघराय गांव में सन 1980 के दशक में तत्कालीन ग्राम प्रधान के द्वारा सार्वजनिक आबादी की भूमि लगवाए गए हैंड पंप को अवरुद्ध करने को लेकर गांव के ही समाजसेवी महेश गौड़ कार्रवाई न होने के विरोध में एसडीएम कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। इनका आरोप है कि कई बार संपूर्ण समाधान दिवस एवं सक्षम अधिकारियों से शिकायत की गई कोई कार्रवाई न होने से मुझे आमरण अनशन पर बैठना पड़ा। उप जिलाधिकारी कोरांव को दिए गए शिकायती पत्र में सामाजिक कार्यकर्ता महेश गौड़ ने लिखा है कि गांव के ही दिनेश कुमार श्रीवास्तव आदि के द्वारा पिलर एवं बीम डालकर अपने कब्जे में सरकारी हैंडपंप को कर लिया गया है और पीने के पानी को भरने से आम जनमानस को रोक दिया गया है। जिससे ग्रामीण इस समय पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। समाजसेवी महेश गौड़ ने तत्काल सरकारी हैंडपंप को अवमुक्त कराए जाने की मांग उपजिलाधिकारी कोरांव से की है। आमरण अनशन की सूचना पर नवागत उपजिलाधिकारी शुभम यादव ने तहसीलदार को मामले का निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया। जिसके क्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत कोरांव दिनेश चंद्र पाठक ने मौके पर जाकर हैंडपंप का मार्ग अवरुद्ध करने वाले व्यक्ति से वार्ता की जिस पर 3 फिट का रास्ता छोड़ने का समझौता लिखवाया गया। तहसीलदार ने दोनों पक्षों का समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कराते हुए मामले को निस्तारित कर दिया। जिसके बाद समाजसेवी महेश गौड़ आमरण अनशन को समाप्त कर दिए। ज्ञातब्य हो कि पेयजल की समस्या को लेकर समाजसेवी महेश गौड़ अपनी पत्नी समेत बच्चों के साथ आमरण अनशन पर बैठे थे। जिसके बाद प्रशासन ने समस्या का निराकरण करा दिया।

### तहसीलदार व एडीओ पंचायत ने समस्या का कराया निराकरण



## न्यूज झरोखा...

### अपराध निरोधक कमेटी सदस्यों ने पुलिस का किया सहयोग



**नैनी।** सरगम में दशहरे के पर्व को मनाते हुए नैनी गांव, एडीए कॉलोनी, करछना रामपुर, शंकर डाल ,नैनी बाजार, डांडी मेहव, और आसपास से आए ग्रामीण लोग मेला का आयोजन देखने और घूमने आई भीड़ की व्यवस्था में यूथ टीम यमुनापार द्वारा किया गया सेवा कार्य जो प्रशासन के साथ मिलकर यातायात व्यवस्था पर निगरानी रखते हुए की कोई भी परेशानी आम जनता को ना हो इसका पूरा ध्यान रखा। यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के साथ उनके उच्च अधिकारी एवं सदस्य गण इस सेवा में प्रशासन के साथ लगे रहे जिसमें सीओ अजीत सिंह चौहान नैनी स्पेक्टर सुरेंद्र कुमार वर्मा एसआई अजय सिंह एस आई शालिनी सिंह ए, डी, ए चौकी प्रभारी जनमेजय जी, एस आई एसआई अमित सिंह एसआई लव कुश वर्मा सिपाही सुनील कुमार कौशल आदि सिपाही गण शामिल थे जनसंपर्क अधिकारी बृजेश कुमार मौर्या शशांक मिश्रा सोनू भारतीय सावन कुमार राजेश कुमार सुजीत गौतम सोहनलाल पांडेय मोहब्बत शनवर राम कुमार पाल संगम प्रजापति अनुराग सिंह दिनेश वर्मा कमलेश मौर्य सरवन कृष्णकांत दुबे सुनील ठाकुर विक्रम पासवान राकेश विश्वकर्मा आदि सदस्यगण सचिव श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव वोर्ड ऑफिसर राम बाबू जी और यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के निर्देशन में सभी सदस्यगण भी मौजूद रहे।

### पिलखिनी प्रधान ने किया अंडरग्राउंड जल निकासी का उद्घाटन



**जंघई।** पिलखिनी ग्राम सभा में कई वर्षों से खडंजा पर पानी इकट्ठा हो रहा था ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए प्रधान शशिकला बच्चन मिश्रा द्वारा खड़ंजा के बीचोंबीच अंडरग्राउंड पाइप डलवा कर पानी की निकासी हेतु व्यवस्था की गई जिससे रास्ता भी सुगम व साफ-सुथरा हो गया है।जल निकासी हेतु हुए कार्य का उद्घाटन प्रधान द्वारा फीता काट करके किया गया जिसमें तमाम लोग मौजूद रहे।

### भारतीय जीवन बीमा निगम ने आईडीसीएल छात्रों को सम्मानित



**जसरा।** भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसमे युवा पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के उपाध्यक्ष ऋषभ द्विवेदी,विधायक प्रतिनिधि आलोक पाठक,परवेज आलम ,अखिलेश त्रिपाठी ,श्याम प्रकाश आदि पत्रकारों को सम्मानित किया गया जिसमें गीता केसरवानी, अभिकर्ता कंदर्प किशोर केसरवानी, प्रधानाचार्य डॉक्टर योगेंद्र सिंह एवं कॉलेज के समस्त स्टॉप कुलभूषण मिश्र ,राम लखन प्रजापति, विकास केसरी, रंग लाल यादव, सुनील साहू ,वीरेंद्र कुमार, राजेश द्विवेदी ,देवेंद्र शुक्ला, कुसुम शुक्ला डॉक्टर सुनीता ,दिलीप मालवीय आदि उपस्थित रहे।

### बारा क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल गजापुर में हुई चोरी



**बारा।** बारा क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदात रुकने का नाम नही ले रही है। ताजा प्रकरण के तहत बारा थानांतर्गत प्राथमिक विद्यालय गजापुर में मंगलवार की भोर रात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर कमरे में रखा गैस सिलेंडर, एक बड़ा भगोना, खेल का सामान, प्लास्टिक की कुर्सी एवम दो स्टील की टँकी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह स्कूल खुलने पर शिक्षकों द्वारा देखा गया कि कमरों का ताला टूटा है और सामान बिखरा हुआ है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक आनंद कुमार पाठक द्वारा थाने में लिखित शिकायत कर कार्यवाई की मांग की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

## जिल्ला गांव में आदर्श रामलीला के आखिरी दिन कराया गया भव्य मेला,क्षेत्र में खुशी

### आखिरी दिन राम-रावण युद्ध का हुआ मंचन



अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष दिलीप कुमार पटेल के नेतृत्व में यूसुफपुर जिल्ला गांव में मंगलवार को आदर्श रामलीला की समाप्ति पर एक भव्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों गांवों जैसे सधनगंज,टी टी पंडिला, हाजीगंज, आदि दर्जनों गांव के मेला प्रेमियों ने मेले का जमकर आनंद लिया। इतना ही नहीं इस मेले पर रात में सांस्कृतिक प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। और भव्य झांकी का भी लोगों ने आनंद लिए। हालांकि यह मेला विगत कई वर्षों से होता रहा है। और क्षेत्र का एक ऐतिहासिक मेला होने के नाते विगत 9 दिनों में विधानसभा के विधायक गीता पासी ने भी आती रही। तथा बोली की रामलीला से लोगों को धार्मिक भावना के प्रति ज्ञानवर्धक बातों का भी ज्ञान होता है। लेकिन मंगलवार को मेला अध्यक्ष दिलीप कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष व रामलीला के जिम्मेदार व्यक्ति तथा संरक्षक संजय कुमार पटेल उर्फ फौजी के देखरेख में मेला का समापन किया गया। मेले में दूरदराज से आए हुए दुकानदारों के लिए प्रकाश की भी व्यवस्था की गई थी। इस मेले में महिलाओं के साथ साथ बच्चों ने भी जमकर खरीदारी किया जिसका क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। इस मौके पर कमेटी के संचालक अजय कुमार, गोलू सिंह, आदर्श, विशाल, समेंद्र, विनोद कुमार, विवेक पटेल, आलोक पटेल,आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बाली बध देख दर्शकों ने जय श्रीराम का लगाया जयकारा



**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा ग्रामसभा बरी में श्री संकट मोचन रामलीला कमेटी द्वारा राम सुग्रीम और बाली बध का रामलीला मंचन किया गया। भगवान राम और लक्ष्मण ने सीता को खोजते - खोजते शबरी के आश्रम पर पहुंच जाते हैं। जहां शबरी उन्हें मीठे-मीठे बेर खिलाती है और बताती है कि यहीं से कुछ दूर ऋषिमूक नामक पर्वत है जहां पर महाराज सुग्रीव और उनकी सेना रहती है। जो सीता का पता लगाने के लिए अवश्य ही भगवान राम की मदद करेंगे। इस दौरान दर्शको को श्रीराम व हनुमान के अलौकिक मिलन देखने को मिलता हैं। भगवान राम और लक्ष्मण पर्वत पर पहुंचते हैं तो वहां हनुमान उनको अपने कंधे पर बैठाकर महाराजा सुग्रीव के पास ले जाते हैं। जहां पर भगवान राम और सुग्रीव की मित्रता होती है। हनुमान जी ने सुग्रीम के बारे में बताते हुए कहा कि सुग्रीम अपने भाई बाली से बहुत परेशान है। वाली ने सुग्रीम का धन-स्त्री आदि सब कुछ छिन लीया हैं। दोनों एक-दूसरे को अपने कष्ट बताते हैं और सुग्रीव के बताने पर भगवान राम बाली का वध करते हैं। यह देखकर दर्शक प्रभु श्रीराम का जयकारा लगाने लगते है। इस मौके पर समस्त ग्रामवासिय उपस्थित रहे।




### जिंदा रहेंगे आपके खयालात मुलायम, आपकी अलग है यहां सबसे बात मुलायम

**जंघई।** जन कल्याण सेवा संघ सेमरी, जंघई के संस्थापक रोहित ब्राह्मण द्वारा समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षा मंत्री धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव के निधन पर कैंडल मार्च यात्रा निकाली। तिवारी प्राईवेट बस स्टैंड जंघई से प्रारंभ हुई यात्रा जंघई फाटक होते हुई यादवपुर स्थित एसवीएम पब्लिक स्कूल प्रांगण में सम्पन्न हुई। कैंडल मार्च यात्रा, शोक सभा में मुख्य अतिथि मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा के समाजसेवी, सपा नेता पंकज मिश्रा, प्रतापपुर विधानसभा से समाजसेवी, सपा नेता एसबी यादव तथा उपस्थित लोगों ने दीप प्रज्वलित कर मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजली दिया।इस अवसर पर राजनाथ यादव प्रदेश सचिव भाकियू, दीपक यादव प्रधान पतैयां, अशोक यादव प्रधान मठोई, विजय मिश्रा ठेकेदार, मो.शफीक पूर्व प्रधान सेमरी, कोमल यादव, आनंद मिश्रा, प्रकाश यादव आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक रोहित ब्राह्मण एवं गोरे यादव, सत्यप्रकाश यादव, बृजेश यादव, विरेंद्र यादव, जयप्रकाश यादव, साजन मिश्र, राहुल यादव, आशीष यादव आदि लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु परिश्रम किया।

### अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति का मंचन देखकर भाव-विभोर हुए चनेथू निवासी



**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में रविवार रात्रि में अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति का मंचन किया गया। श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने से पहले समुद्र तट पर अपने आराध्य महादेव के शिवलिंग की स्थापना कर पूजा की इसके बाद, बानरी सेना ने समुद्र पर पुल बनाकर लंका पर चढ़ाई कर दी। राम का शांति दूत बनकर लंका में पहुंचे अंगद ने रावण से संवाद कर युद्ध को टालने का अनुरोध किया लेकिन वह युद्ध करने के लिए अडिग रहा। इसके बाद मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच युद्ध हुआ। लक्ष्मण युद्ध भूमि में मेघनाथ के शक्ति बाण से मूर्छित हो जाते हैं और पूरा रामदल शोकाकुल हो जाता है। लक्ष्मण का मूर्छित शरीर लेकर राम विलाप करते हैं। हनुमान जी सूर्य उदय से पहले संजीवनी बूटी लेकर आ जाते हैं इसे पीने के बाद मूर्छित लक्ष्मण ठीक हो जाते हैं।अध्यक्ष संजय उपाध्याय के नेतृत्व में चल रही रामलीला में लल्लन प्रसाद पांडेय, चांद्रिका प्रसाद मिश्रा, रंगनाथ उपाध्याय, राजमणि मिश्रा, लालमनि मिश्रा, सूर्यमणि मिश्रा, मातादीन उपाध्याय, रमेश तिवारी, मालिक पांडेय, अरूण पांडेय, अनिल पांडेय, कड़ेदीन उपाध्याय, मंगला उपाध्याय, उदयराज उपाध्याय, सुशील उपाध्याय, कल्लू पांडेय, सुरेश मिश्रा, त्रिभुवन उपाध्याय, रामू मिश्रा, बड़ेलाल गौड़, निराले उपाध्याय, पवन उपाध्याय, मनीष तिवारी, राजा तिवारी, विपिन मिश्रा, राकी पांडेय, आकाश उपाध्याय, रवि उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, अंकुश मिश्रा, निखिल पांडेय, शिव मिश्रा, विभव मिश्रा, आनंद उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### रस्तीपुर : रामलीला में सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ का मंचन



**जंघई।** श्री शिव निवास रामलीला समिति रस्तीपुर कालू महादेव प्रांगण में आयोजित रामलीला मंचन में सीता स्वयंवर धनुष यज्ञ का मंचन किया गया। स्वयंवर में देश-विदेश के राजा शामिल हुए सभी ने शिवजी के धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन उठाना तो दूर हिला तक न सके। बेटी सीता का विवाह न होता देख राजा जनक परेशान होकर गुस्से में आकर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं मालूम था पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है। कठोर वचनों से अपमान महसूस कर लक्ष्मण खड़े हुए और कुछ बोलने को हुए तो भगवान राम ने जनक को पिता का स्थान देकर शांत होकर बैठने को कहा।वहीं गुरु की आज्ञा पाकर भगवान राम ने पलक झपकते धनुष को उठा लिया और प्रत्यंचा खींचते ही तेज गर्जना के साथ धनुष टूट गया धनुष टूटने के बाद सीता ने उनके गले में वरमाला डाल दी चारों ओर से फूलों की वर्षा होने लगी।इस अवसर पर विजय नाथ तिवारी, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, हौसिला प्रसाद मिश्रा, फूलचंद्र उपाध्याय, सबल सिंह, राम सिंह व्यास, वीरेंद्र प्रताप सिंह, सर्वजीत सिंह अन्नू, युवराज सिंह, अर्जुन सिंह, अनुज सिंह, रवि सिंह, रतन सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, संचालक अभिनय द्विवेदी, राजेंद्र भारतीय, मिथिलेश बिंद, श्याम सूरत पटेल, धनजीत सिंह, सेहत बहादुर सिंह, बड़ेलाल, अमरबहादुर यादव, ओम प्रकाश चतुवेर्दी, मुन्ना चौबे, पप्पू सिंह, राजा सिंह, कुणाल चतुवेर्दी, टार्जन, गौरव, ऋतुराज सहित तमाम पात्र एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कोरांव क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार अवैध चला रहे क्लीनिक जिम्मेदार मौन !

अखंड भारत संदेश

### बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे मेडिकल स्टोर व क्लीनिक, शासनादेश की उड़ रही धज्जियां

**रत्योरा।** कोरांव बाजार समेत ग्रामीण इलाकों में इस समय अवैध क्लीनिक अस्पतालों एवं मेडिकल स्टोरों की भरमार देखी जा रही है। कब झोलाछाप व्यक्ति डॉक्टर बन जा रहे हैं। कब क्लीनिक खोल दे रहे है। इसकी लोगों को भनक ही नहीं लग पा रही है। तहसील क्षेत्र कोरांव के प्रत्येक छोटे बड़े बाजारों में झोला छापों के द्वारा मेडिकल स्टोर व क्लीनिक चलाए जा रहे हैं। मौजूदा समय में जहां संक्रामक रोगों का क्षेत्र में तेजी के साथ प्रकोप बढ़ रहा है वहीं डेंगू व मलेरिया बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इन अवैध क्लीनिक एवं मेडिकल स्टोर के संचालकों द्वारा इलाज के नाम पर गरीब लोगों का शोषण किया जा रहा है। दर्जनों की संख्या में क्षेत्र में ऐसे क्लीनिक अस्पताल व मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं जो एक लंबे समय से क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके हैं। जिनके पास न तो कोई रजिस्ट्रेशन है और न कोई डिग्री किंतु ऑपरेशन से लेकर सर्जरी एवं प्रसव कराने तक का ठेका ले रहे हैं। आम जनता का शोषण कर खुद मालामाल हो रहे हैं। अभी हाल में ही कोरांव थाना क्षेत्र के महुली बाजार में एक बड़ा हादसा हो गया। झोलाछाप क्लीनिक संचालक के द्वारा उपचार किए जा रहे व्यक्ति की मौत से हंगामा खड़ा हो गया। मौत के सौदागर के इस खेल पर विभाग भी मेहरबान हो गया। इस तरह से मामले में लीपापोती कर दी गई कि पूरा मामला सतह के अंदर ही दफन कर दिया गया। कोरांव क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किए जा रहे अवैध कार्यों की जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों को नहीं है यह कहना बिल्कुल झूठ होगा, बल्कि जो कमाई स्वास्थ्य महकमे के अफसर अधिकारी कोरांव क्षेत्र में इन अवैध क्लीनिक व अस्पताल संचालकों से कर रहे हैं वह किसी से छुपा नहीं है। क्षेत्र में कभी भी जनपद स्तरीय एवं तहसील स्तरीय स्वास्थ्य टीमों का औचक निरीक्षण छापेमारी नहीं होती है। जिससे लगातार एक लंबे अरसे से इस अवैध कारोबार में लगे लोग मलाई काट रहे हैं, और क्षेत्र के गरीब जनता का शोषण जारी है। 6 महीने पूर्व कोरांव बाजार में एक झोलाछाप अस्पताल संचालक ने मध्य प्रदेश के एक दलित महिला की उपचार के दौरान जान ले ली थी। जिसको लेकर काफी बड़ा हंगामा खड़ा हुआ था, किंतु जनपद स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों के दलाल उस मामले में भी लीपापोती कर पुलिस से लेकर विभाग तक मामले को अपने चंगुल में कर लिया। जिससे उपरोक्त झोलाछाप पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। तमाम ऐसे उदाहरण हैं जिससे स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का खेल खेलने वाले ऐसे क्लिनिक संचालकों एवं मेडिकल स्टोर संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लिनिको एवं मेडिकल स्टोरो पर कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद भी नहीं चालू हो पाई बिजली सप्लाई

**झूंसी।** लाइन बनकर तैयार है ट्रांसफार्मर भी लग गया है जिसके बाद भी झूंसी के वार्ड 50 महादेव नगर मुंशी का पूरा में सप्लाई नही चालू कराई जा रही है। स्थानीय लोगो ने एसडीओ झूंसी पर धन उगाही का आरोप लगाते हुए ऊर्जा मंत्री से शिकायत की बात कही। भाजपा गंगापार महामंत्री मनोज निषाद ने बताया की माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने विद्युत विभाग को नगर निगम वार्ड नंबर 50 महादेव नगर मुंशी का पूरा झूंसी में 11000 की लाइन बनाकर वार्ड नंबर 50 की जनता को बिजली मुहैया कराने का आदेश दिया था। न्यायालय के आदेश पर नई लाइन बन गई है किंतु एसडीओ के द्वारा छोटे कर्मचारियों के माध्यम से धन उगाही कराने की दृष्टि से अभी तक लाइन जोड़ी नहीं जा रही है। जिससे लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत ऊर्जा मंत्री से की जाएगी।

# डेंगू के डंक ने ली शिक्षिका की जान, हड़कंप



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** कोरोना के बाद डेंगू के बुखार का कहर जारी है। शहर से लेकर गांव तक डेंगू के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। निजी व सरकारी अस्पतालों में डेंगू के मरीज भरे पड़े हैं। मंगलवार को झूंसी की रहने वाली एक शिक्षिका की डेंगू से मौत हो गई जिसका इलाज लखनऊ के अपोलो हॉस्पिटल में चल रहा था। शिक्षिका की मौत जहां शिक्षकों में शोक है वही घर में कोहराम मचा हुआ है।

चक हरिहर वन निवासिनी शिक्षिका रीता यादव 34 पत्नी मान सिंह की मंगलवार सुबह डेंगू से मौत हो गई। रीता यादव का इलाज लखनऊ के अपोलो हास्पिटल में चल रहा था। रीता यादव की पोस्टिंग बधावा ताहिरपुर प्राथमिक विद्यालय में थी। उनके पति मान सिंह भी प्राथमिक विद्यालय मेडुआ में अध्यापक है। रीता यादव के साथ पढ़ाने वाली शिक्षिका ममता पांडे ने बताया कि रीता बहुत ही हंसमुख स्वभाव की थी रोते को हसा देती थी। जरुरत पड़ने पर स्कूल में पढ़ने बच्चों के सहयोग में भी पीछे नही रहती थी। रीता की मौत से शिक्षकों में शोक की लहर है। वही परिजनों के कोहराम मच है। रीता दो बच्चे है बेटा मानस बेटी मानसी।

## कोरोना के बाद डेंगू के बुखार का कहर जारी, शहर व गांवों में डेंगू के बढ़ रहे मरीज

## डेंगू से गई मजदूर की जान, कई लोग चपेटे में

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** क्षेत्र में धीरे धीरे डेंगू का संक्रमण अपना पांव पसारते ही जा रहा है जिससे कई गांव में लोग बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। परन्तु स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोई चहलकदमी नजर नहीं आ रही है न ही गांवों में कोई छिड़काव हो रहा है न ही कोई इसका बचाव का तरीका बताया जा रहा है। वर्तमान समय में सहसों क्षेत्र के कई गांव में बुखार का प्रकोप तेजी से फैला हुआ है जिसके चलते सहसों में एक मजदूर ने दम तोड़ दिया। वहीं पर आसपास के कई गांव के लोग स्थानीय अस्पताल में अपना इलाज करा रहे हैं। सहसों गांव निवासी रामफल भारतीय 33 वर्ष पुत्र विपत चन्द्र कई दिनों से बुखार से पीड़ित था। स्थानीय चिकित्सकों ने जब खून की जांच करवाई तो उसमें प्लेटलेट्स की काफी कमी थी। जिसका चिकित्सकों ने उपचार

**सहसों क्षेत्र के कई गांव में बुखार का प्रकोप तेजी से फैल रहा है, आसपास के कई गांव के लोग स्थानीय अस्पताल में करा रहें हैं अपना इलाज**

शुरू किया तो उपचार के दौरान ही युवक ने दम तोड़ दिया। रामफल मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चों का भरण पोषण करता था। रामफल के असामयिक निधन से छोटे-छोटे बच्चों के पालन पोषण का संकट छा गया है। उसके निधन से पत्नी तथा बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। इसी प्रकार अमित शुक्ला तथा रत्नेश शुक्ला निवासी चंदरपुर उर्फ बसमहुआ में कई दिनों से बुखार से पीड़ित होने पर जांच करवाई तो उनका भी प्लेटलेट्स काफी कम होने से झूंसी स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। रामनाथ पट्टी गांव निवासी मुन्नू गुप्ता, कसेरुआ कला गांव निवासी रेखा सोनी, संजीव सोनी, बबुराहीका पूरा गांव निवासी झल्लर सिंह, महड़ौरा गांव निवासी शिव पटेल आदि कई गांव के लोग रहस्यमई बुखार से पीड़ित हैं। जिनका इलाज चिकित्सालय में चल रहा है। सीएचसी प्रभारी बनी एट कोटवा मनीष मौर्या ने बताया कि मामले में चिकित्सकों की टीम राहत एवं जागरूकता के लिए भेजी जा रही हैं। रहस्यमई बुखार से हुए निधन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनी के सुरेश तिवारी के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार को पहुंचकर कहीं-कहीं दवा का छिड़काव कराया तथा लोगों को दवाइयां वितरित करते हुए बुखार एवं संक्रमण से बचाव के प्रति जागरू किया।

# पांच मंजिला नर्सिंग हॉस्टल के निमार्णाधीन भवन से गिरकर मजदूर की मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल परिसर में मंगलवार को निमार्णाधीन भवन से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। इस पर वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों ने उसे अस्पताल ले जाने का प्रयास किया लेकिन मौके पर ही मजदूर की मौत हो गई। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई, जांच पड़ताल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मजदूर यहां काफी समय से निर्माण कार्य में लगा था। बताया जा रहा है कि निर्माण में ठेकेदार द्वारा अनियमितताएं और मनमानी भी की जा रही है। वहां काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा के लिए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए गए हैं।

### बन रहा है पांच मंजिला नर्सिंग हॉस्टल

दरअसल, स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल परिसर के पीछे पोस्टमार्टम हाउस की तरफ पांच मंजिला नर्सिंग हास्टल का निर्माण हो रहा है। निर्माण एक कार्यदायी संस्था द्वारा कराया जा रहा है। यहां बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे हैं। प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी मजदूर काम में जुटे थे। यहां मध्य प्रदेश के सतना निवासी राजेंद्र गौंड़ पुत्र सत्येंद्र गौंड़ भी काम कर रहा था। यह पांचवें मंजिल पर पर राजेंद्र काम कर रहा था तभी वहां से नीचे गिर गया। बुरी तरह घायल हो गया। उसे देख अन्य मजदूर दौड़कर उसके पास पहुंच गए लेकिन देखते ही देखते उसने दम तोड़ दिया।ठेकेदार के डर से कोई मजदूर कुछ नहीं बोल रहा है। ठेकेदार भी वहां से गायब हो गया है।

# विधायक निधि से भी होगा स्कूलों का कायाकल्प : गुरु प्रसाद मौर्य

**नवाबगंज के राम वाटिका गेस्ट हाउस में प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की आयोजित हुई कार्यशाला, ग्राम प्रधानों ने उन्मुखीकरण संगोष्ठी को किया संबोधित, एआरपी और शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित**

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज।** नवाबगंज के राम वाटिका गेस्ट हाउस में मंगलवार को प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी की कार्यशाला आयोजित हुई। ग्राम प्रधान एवं संबंधित प्रधानाध्यापक कार्यक्रम में शामिल हुए। कायाकल्प के तहत विद्यालयों में हुए कार्य पर चर्चा की गई। की ग्राम प्रधानों की भरपूर मदद मिली। कायाकल्प के तहत परिषदीय स्कूलों की बदली दिशा और दशा को पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण के सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। तमाम एआरपी और शिक्षकों ने विधायक का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। विधायक गुरुप्रसाद ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए विद्यालय के कायाकल्प में हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाते हुए संबोधित किया कि विधायक निधि से भी परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प होगा। प्रधान और प्रधानाध्यापक दोनों के आपसी तालमेल ने सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल रहे हैं। जहां भी कायाकल्प में किसी प्रकार की कठिनाई होती है। वहां विधायक निधि से पैसा खर्च किया जाएगा। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की अड़चन न आने के लिए योगी सरकार ने डीबीटी जैसी व्यवस्था बनाई है। इसी क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने उपस्थित प्रधानों से अनुरोध किया, कि वक्तन फवक्तन स्थानीय प्रधान स्कूलों का हाल चाल लेते रहें। स्कूलों को बेहतर बनाने में सुझाव दें। स्कूलों में कायाकल्प के अधिकांश पैरामीटर पूर्ण होने का पूरा श्रेय प्रधानों को ही जाता है। बीईओ ओपी मिश्रा ने विधायक को निपुण लक्ष्य की तालिका भेंट किया। एआरपी जयसिंह ने पीपीटी के माध्यम कुछ स्कूलों को प्रदर्शित कर अन्य स्कूलों को इसी रूप में ढालने के लिए प्रेरित किया। सभी एआरपी ने अपने विचार व्यक्त किए। प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष राधे कृष्ण ने स्कूल समय के बाद मीटिंग न कराने का विधायक गुरुप्रसाद से अनुरोध करते हुए शिक्षा मंत्री तक संदेश पहुंचाने की अपील की। जिसपर राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में पूर्ण रूप से सहमति जाहिर की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समेत भारी संख्या में प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।



विधायक गुरु प्रसाद मौर्य को निपुण लक्ष्य तालिका भेंट करते बीईओ ओम प्रकाश मिश्रा।

### मवेशी में दिखा लंपी वायरस का लक्षण

**झूंसी।** बहादुरपुर विकासखंड के कोटवा गांव में एक गाय में लंबी वायरस के लक्षण दिखने से पशुपालकों में हड़कंप मचा गया है। पशुपालक ने मामले की सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी तो मौके पर पहुचे डाक्टर ने इंजेक्सन लगाने के बाद गाय के दूध से परहेज की बात बताई। देश के कई राज्यों में लंपी वायरस पशुओं पर काल बनकर टूट रहा है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों के मवेशियों में लंपी वायरस फैला है। जिसके बचाव के लिए पशु पालन विभाग द्वारा घर घर जा कर टीका भी लगा जा रहा है। बहादुरपुर विकासखंड के दक्षिणी कोटवा में मंगलवार को हरिकेश सिंह की गाय में लंबी वायरस का लक्षण दिखा। तो उन्होंने मामले की सूचना पशु स्वास्थ्य विभाग को दी और बताया कि 4 दिन पहले ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हमारी गाय को लंबी वायरस का टीका लगाया था।

# विद्युत संविदाकर्मी की पिटाई, पुलिस को दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा के रामनगर मे विद्युत संविदाकर्मी को कुछ लोगों द्वारा मारने पीटने का मामला सामने आया है। विद्युत संविदाकर्मी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि मेजा थाना क्षेत्र के रामनगर मवैया गांव निवासी सूरज यादव पुत्र देवेन्द्र यादव ने मेजा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह विद्युत विभाग संविदाकर्मी, मीटर रीडर के पद पर कार्यरत है। वह सोमवार को दिन भर अपने काम से फुरसत होने के बाद घर वापस जा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि रामनगर शीतला धाम के पास स्थित पुराने कुएं के पास जैसे ही पहुंचा ही था कि रामनगर निवासी अभिषेक यादव (ननकऊ) पुत्र रामराज यादव (ओझा) अपने साथी रामजी यादव पुत्र राधिका प्रसाद यादव के निवासी रामनगर मेजा-प्रयागराज आये और मुझसे बोला कि कौन लाईमैन मुझे गाली दे रहा था बताओ नहीं तो मैं तुम्हे मारूँगा, जिसमें उनके इस कथन में हमें कोई जानकारी नहीं थी जिसके बाद ही अभिषेक यादव व रामजी दोनों मिलकर मुझे लाठी डंडे से मारने लगे इस बीच-बचाव में बाजारबासी एवं मेरे मित्र अखिल यादव पुत्र राममिलन यादव निवासी रामनगर द्वारा बीच-बचाव किया जाने लगा तो उन पर भी लाठी- डण्डे से व ईट-पत्थरों से प्रहार करते हुए मारा-पीटा, इसके बावजूद भी अपने परिवार वालों में रामबाबू, यादव, विकास यादव, मुकेश यादव, को बुलाकर हमे और अखिल को लाठी डंडे, व ईंट पथरों से मारा जिसमें इस दौरान अखिल के बायें हाथ के कुहनी के नीचे फैक्चर हो गया जिसमें लोगों के बीच बचाव के बाद उन उपरोक्त दबंगों के द्वारा गाली, गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अपनी नौकरी छोड़ इधर दिखाई मत देना नहीं तो जान से मार दूंगा। इतना कहते हुए चले गये। पीड़ित ने अपनी जान-माल की सुरक्षा हेतु गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### असली इंस्पेक्टर को नकली इंस्पेक्टर समझ थाने उठा ले गई पुलिस

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में एक दुकान पर विवाद होने पर एक इंस्पेक्टर को फर्जी बताकर दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। कहा कि वह रुपये मांग रहा है। पुलिस वहां पहुंची और इंस्पेक्टर को पकड़कर थाने ले गई। पूछताछ हुई तो पता चला कि वह असली इंस्पेक्टर है। आखिर में वहां पर विवाद क्यों हुआ, वसूली की बात क्यों आई, इसकी जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि 2001 बैच के इंस्पेक्टर संजय सिंह मेरठ के रहने वाले हैं। वर्तमान में पुलिस लाइन में उनकी ड्यूटी लगी है। मंगलवार शाम को वह सिविल लाइंस गए थे। एक दुकान पर कुछ सामान खरीदने के चक्कर में विवाद हो गया। इंस्पेक्टर वर्दी में थे। यह देख दुकानदार को लगा कि कुछ गड़बड़ है। उसने 112 नंबर पर कॉल कर-के पुलिस को फर्जी इंस्पेक्टर के होने की सूचना दे दी थी। पुलिस की मोबाइल टीम वहां पहुंची और इंस्पेक्टर संजय को थाने लेती गई। इस घटना की जानकरी पुलिस अफसरों को भी दे दी गई है।

# हत्या के दूसरे दिन भी कटे हुए सर का नहीं लगा सुराग, मृतक के भाई ने की शिनाख्त

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना के भीरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मदार्पुर गांव के सामने रविवार की रात एक युवक की निशंत हत्या कर अनमोल ढाबा के सामने फेंक दिया गया था । सोमवार सुबह स्थानीय लोगों को सिर कटी व जली हुई शव देखे जाने पर समूचे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वही घटना स्थल से मृतक युवक का सिर गायब था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। सूचना होने पर एसपी यमुनापार, सीओ, फॉरेस्ट विभाग के साथ डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल करने में जुट गई। लेकिन गायब सिर का देर शाम तक खोजबीन करने के बाद कहीं भी सुराग नहीं लग सका। वही युवक के पास से मिले कागज के टुकड़े पर लिखे गए नंबर से संपर्क किया गया तो उसका पता बिहार के बक्सर के रहने वाला सूरज गुप्ता बताया गया। घटना की जानकारी परिजनों को होने पर मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। जहां मृतक युवक के भाई आशीष गुप्ता द्वारा उसकी शिनाख्त सूरज गुप्ता के रूप में कर लिया गया। सीओ करछना अजीत कुमार चौहान ने बताया कि क्षेत्र के पचदेवरा गांव का रहने वाला फिरोज नामक व्यक्ति द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस घर पर गई थी। पता चला कि व रविवार से ही घर पर नहीं। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी होने के बाद ही किन कानों से घटना को अंजाम दिया गया स्पष्ट हो पाएगा।

# दीपक बनाने का धंधा हुआ मंदा, मेहनत ज्यादा मुनाफा कम

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** ईंधन और मिटटी महंगी हो जाने से दीपक बनाने का धंधा मंदा हो गया है। मेहनत ज्यादा और मुनाफा कम होने से कुम्भकारों के लिए ये काम घाटे का सौदा साबित हो रहा है। दीपावली पर दीप मालिका सजाने की परंपरा काफी पुरानी है। इस मौके पर कुंभकार पहले दीपक बनाकर बेचने के बाद अच्छा मुनाफा कमा लेते थे। अब ईंधन व मिट्टी मंहगी हो जाने सहित इलेक्ट्रानिक झालरों का चलन बढ़ने से अब दियों का धंधा पहले से काफी मंदा हो गया है। देखा जाए तो आधुनिकता की चकाचौंध में लोग घरों में दीपक की बजाय झालरें व बल्ब जलाना ज्यादा पसंद करते हैं, पर वे शायद ये नहीं जानते कि शास्त्रों के मुताबिक दीपावली में मिट्टी के दीपक जलाने और मिट्टी की मूर्तियों की पूजा करने का विशेष महत्व है। इस बार कुंभकारों ने कम संख्या में दीपक बनाए हैं उन्हें इस बात का डर है कि यदि सारे दीपक नहीं बिके तो साल भर इन्हें पूछने वाला कोई नहीं होगा। महंगी मिट्टी व मंहगा ईंधन लगाकर तैयार दीपक की बिक्री से खास मुनाफा नहीं होता है। मेहनत ज्यादा और मुनाफा कम होने से युवा इस व्यवसाय में जुडने से बचते हैं। बाजार में दीपावली के एक सप्ताह पहले से मिट्टी के दीपक की बिक्री शुरू हो जाती है। इस बार बाजार में 20-30 रुपये दर्जन दीपक बिक रहे हैं।

### बड़ी मेहनत से तैयार होते हैं मिट्टी के दीपक



दीपावली में लोगों के घरों को रोशन करने वाले मिट्टी के दीपक बड़ी मेहनत से तैयार होते हैं। विडंबना तो ये है कि पसीना बहाकर दीपक तैयार करने वाले कारीगरों को उनकी मेहनत व लागत की कीमत भी नहीं मिल पाती है। दीपक तैयार करने वाले कुंभकार लल्लू प्रजापति व संजय ने बताया कि दीपावली पर दीपक की मांग को देखते हुए चार महीने पहले से ही इन्हें बनाने का काम शुरू हो जाता है। लेकिन इस बार बारिश की वजह से 1 महीने पूर्व से तैयारी शुरू हुआ है। दीपक के लिए बिना कंकड़ वाली काली मिट्टी खरीदते हैं जो काफी मंहगी पड़ती हैं। इस मिट्टी को धूप में सुखाकर छानते हैं और गडढ़े में डालकर फुलाते हैं। मिट्टी तैयार होने के बाद उससे दीपक बनाकर सुखाकर उन्हें करवा चौथ के बाद भट्ठे में पकाते हैं। इस प्रक्रिया में करीब एक माह का वक्त लग जाता है। लल्लू का कहना है कि मिटटी के दीपक बनाने का धंधा यदि इसी तरह से मंदा होता गया तो आने वाले कुछ सालों में यह काम बंद हो जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### प्लेटलेट्स की उपलब्धता के लिए किया स्वैच्छिक रक्तदान



**नैनी।** बढ़ते डेंगू बीमारी के दृष्टिगत जन सामान्य को प्लेटलेट्स की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स (यूजीआई), नैनी में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), प्रयागराज की देखरेख में स्वरुप रानी मेडिकल हास्पिटल की ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्तदान कराया गया। शिविर में यूजीआई के छात्र एवं छात्राओं ने बड़ी तादाद में हिस्सा लिया और स्वैच्छिक रक्तादान किया। इस अवसर पर उपस्थित डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर डॉ रोहित पाण्डे ने बताया कि शिविर में कुल 25 युनिट रक्तदान हुआ। बताया कि कई छात्र ऐसे भी थे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। सभी रक्त दाताओं कोत सिस्टर पूनम यादव सहित अन्य स्टॉफ के लोग उपस्थित थे।

### दिव्यांग बच्चों ने ईको फ्रेंडली दीपावली के तैयार किये सामान



**झूंसी।** माता कलावती कालेज आफ स्पेशल एजुकेशन झूंसी के दिव्यांग बच्चों ने विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को ईको फ्रेंडली दीपावली मानाने के लिए रंगीन दिये, मोमबत्ती और विभिन्न प्रकार के सजावटी सामान तैयार किये। जानकारी संस्था के चेयरमैन गोपेश तिवारी ने दी और बताया कि दिव्यांग बच्चों द्वारा ईको फ्रेंडली दीपावली मनाने के लिए तैयार किए गए सामानों की प्रदर्शनी लगा कर बेचा जायेगा और इससे प्राप्त हुई घन राशि दिव्यांग बच्चों को दें दी जाएगी। ईको फ्रेंडली दीपावली के समान को बनानें में दिव्यांग अभिषेक यादव, सलोनी सोनकर, शिवा त्रिपाठी, संस्कृति मौर्या, शनी यादव, अंशिका, अनमोल श्रीवास्तव, विष्णु, श्रद्धां, सौम्या, शमशाद, वारिस आदि ने भाग लिया।

### स्वच्छता का उपहार अभियान के तहत किया गया जागरूक

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान के तहत घर घर जा कर जागरूकता अभियान चलाया गया। मालूम हो कि मऊआइमा नगर पंचायत में मंगलवार को स्वच्छता का उपहार अभियान के अन्तर्गत डोर टू डोर सोर्स सेग्रिगेशन जन जागरूकता अभियान में स्वच्छ भारत मिशन की जिला समन्वयक नेहा कपूर द्वारा नगर पंचायत मऊआइमा के विभिन्न वार्डों में घर घर जा कर कचरे को अलग अलग सूखा कचरा नीले डस्टबिन तथा गीला कचरा हरे डस्टबिन में रखने के लिए जागरूक किया। जिला समन्वयक नेहा कपूर ने बताया कि यदि दोनों कचरों को अलग अलग कर दिया जाता है तो उस कचरे से खाद ,बायोसीएनजी / बायोगैस बनाने के लिए उपयुक्त अपशिष्ट की उपलब्धता संभव होगी। इस अभियान में नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारी आशीष कपूर,रुखसान आरिफ ,इनायल उल्ला आदि मौजूद थे।

# बुवाई से पहले भूमिशोधन व बीजोपचार जरूरी

## विकास खंड शंकरगढ़ परिसर में लगा किसान मेला, किसान सम्मान निधि के लिए अपडेट कराएं केवाईसी

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण योजना के तहत मंगलवार को ब्लाक परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी ने किया। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है। किसानों की ही बदौलत हम सभी को दो जून की रोटी नसीब होती है। कहा, किसानों की समस्याओं के निदान और उनके हितों के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं, किसान भाई उनका लाभ उठाएं। कृषि रक्षा इकाई प्रभारी अनुराग सिंह ने उन्नत खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया। कहाकि किसी भी फसल की बुवाई से पहले मृदाशोधन और बीजोपचार अवश्य रूप से करें, इससे न सिर्फ खरपतवार से राहत मिलती है, बल्कि कम लागत में अच्छा उत्पादन प्राप्त होता है। इस दौरान उन्होंने कीट रोग नियंत्रण, संचारी रोगों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। एडीओ (कृषि) तुलाराम यादव ने बताया कि रबी के सीजन की बुवाई के लिए राई (सरसो), अलसी, चना, मटर, मसूर की उन्नत किस्मों की प्रजातियों के बीज इस्तेमाल करें। इन बीजों पर अनुदानका भी प्रबंध किया गया है। जबकि प्रधान संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंहने क्षेत्र में खोले जा रहे धान क्रय केंद्रों की स्थिति से अवगत कराते हुए किसानों से पंजीकरण करवाने की अपील की।



बीडीओ रामविलास राय ने ग्राम पंचायत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। सांचलन सौरभ तिवारी ने किया। उन्होंने सभी किसानों से पीएम किसान सम्मान निधि के लिए केवाईसी और भूलेख अंकन कराने की अपील की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि होरीलाल केसरवानी, कुलदीप सिंह, अंजनी लाल सिंह, पुष्पराज सिंह, श्यामबाबू, पृथ्वीराज, महेश सिंह, अखिलेश सिंह, आनंद सिंह, विपिन सिंह, अनिल सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, संदीप सिंह, समरजीत सिंह, गोपाल सिंह, ब्रजेश कुमार, राजधर सिंह, राजेश्वर सिंह, मान सिंह, दीपक सिंह, मुकेश सिंह, मनोज कुमार द्विवेदी, राहुल, अनिलकुमार, चंद्रशेखर, अभिषेक मालवीय, आयुष मालवीय आदि मौजूद रहे।

### सात दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ समापन

**करछना।** क्षेत्र के हर्रई गांव में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का मंगलवार को समापन हो गया। कथा समापन अवसर पर पहुंचे करछना विधायक पियूष रंजन निषाद, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडे ने रामचरित मानस का पूजन कर व्यासपीठ पर विराजमान ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम हिमालय से पधारे विनोदानंद सरस्वती जी महाराज को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के अंतिम दिन विनोदानंद जी महाराज ने सुंदरकाण्ड का वर्णन करते हुए उन्होंने लंका दर्शन आदि घटनाओं का विस्तृत वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने भगवान श्री राम द्वारा रावण वध एवं प्रभु श्रीराम के अयोध्या के राजसिंहासन पर आरूढ़ होने का सुंदर वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जिस मौके पर मुख्य श्रोता यजमान हरि शंकर पांडे, उषा देवी ने सभी के प्रति आभार जताया। जिस मौके पर आशीष पांडे, अजय पांडे, छविनाथ तिवारी, रामजी मिश्रा, बद्री प्रसाद पांडे, विष्णु तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बाइक सवार उचक्के बुजुर्ग का मोबाइल छीनकर फरार

**मेजा।** क्षेत्र में बाइक सवार उचक्कों गिरोह इस तरीके से सक्रिय है कि पलक झपकते ही घटना को अंजाम दे रहे। बाइक सवार उच्चको को तनिक भी खाकी खौफ नहीं है बेखौफ उचक्के रोजाना घटना को अंजाम दे रहे हैं।बता दें कि रामदास पटेल पुत्र स्वर्गीय राम अभिलाष निवासी मोनाई चतुर्भुज बाइक से सोनार का तारा बाजार की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह औता गांव के समीप पहुंचे ही थे कि पीछे से एक बाइक पर सवार तीन लोग उनके आगे की जेब में रखा मोबाइल छीन कर फरार हो गए। उन्होंने उच्चको का काफी दूर तक पीछा किया लेकिन उच्चके नहीं मिले। उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग पर आए दिन छिनैती की घटनाएं घटित होती रहती है।सबसे ज्यादा तो मंगलवार के दिन होता है जो श्रद्धालु हनुमान मंदिर पर दर्शन करने के लिए आते हैं उनके साथ अक्सर घटनाएं घटित होती रहती हैं लेकिन स्थानीय पुलिस उच्चको को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। क्या कुछ कहा भुक्तभोगी ने देखिए यह रिपोर्ट।

### पंचायत भवन के बाहर लगी मोटर चोरों ने किया पार

**मेजा।** क्षेत्र में चोरी, छिनैती, राहजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही जैसे-जैसे मौसम सर्द होता जा रहा वैसे वैसे चोर भी सक्रिय होते जा रहे हैं।बता दे कि विकासखंड उरुवा के सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत बगहा गांव में प्रधान सुनीता सिंह के द्वारा पंचायत भवन के बाहर लोगों को पीने के पानी के लिए पंचायत भवन के बाहर 1 हॉर्स पावर का मोटर लगवाया गया था, जिससे कि लोगों को असुविधा ना हो। बीती रात अज्ञात चोरों ने रस्सियों के सहारे मोटर को चुरा लिया। सुबह जब लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया मामले की जानकारी पर प्रधान प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे तो देखा उक्त मोटर मौके पर नहीं रही । वही प्रधान प्रतिनिधि ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। ? क्या कुछ कहा प्रधान प्रतिनिधि सिद्धार्थ सिंह ने देखिए यह रिपोर्ट।

# रोजगार मेले में 325 का विभिन्न कम्पनियों ने किया चयन

## मिशन मोड पर काम कर रही प्रदेश सरकारः राजेन्द्र मौर्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा में हादीहाल में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य ने फीता काटकर रोजगार मेला का उद्घाटन किया और विभिन्न कंपनियों के स्टालों का अवलोकन किया। रोजगार मेला में लगभग 50 से अधिक कंपनियों ने प्रतिभाग किया और 2000 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराते हुए साक्षात्कार दिया तथा 325 का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया।

सरस्वती वंदना व स्वागत गीत शारदा संगीत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत बुके एवं मोमेंटो के माध्यम कार्यक्रम आयोजक उपायुक्त उद्योग एवम जिला समन्वयक दिनेश कुमार चैरसिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि प्रदेश के विकास गरीबों के उत्थान और युवाओं को रोजगार देने के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री की सरकार इस समय मिशन मोड पर काम कर रही है और लोगों को ना केवल सरकारी विभागों में नौकरी बल्कि प्रदेश में भारी निवेश को आकर्षित करके रोजगार के नए नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला समन्वयक ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार कौशल विकास मिशन के माध्यम से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कौशल विकास के माध्यम से रोजगार पाने और आत्म निर्भर बनने का मौका दे रही है। इस अवसर पर लाभार्थियों को स्मार्टफोन, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और नियुक्ति पत्र का वितरण भी विधायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजन में एमआईएस प्रबंधक वंदना सिंह, मृत्युंजय पांडे का प्रमुख योगदान रहा। कार्यक्रम में नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई बी बी सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सेंगर, अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जीजीआईसी प्रवक्ता अनीस अहमद द्वारा किया गया।



चयनित छात्रा को नियुक्ति पत्र देते विधायक राजेन्द्र मौर्य।

## जन चौपाल पुलिस आपके द्वार का हुआ आयोजन

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल दीपावली त्योहार को मद्देनजर रखते हुए सर्किल के सभी थाने में जन चैपाल लगाने का फरमान जारी किया जिससे पुलिस व जनता की बढ़ती दूरी कम हो सके और जनता बेहिचक पुलिस से बात कर सके सोमवार को नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी की मौजूदगी में ग्राम पंचायत परियावां के पँचायत भवन में जन चैपाल का आयोजन किया गया जिसमें उपनिरीक्षक बलवंत सिंह व दीपक कुमार के साथ महिला पुलिस कर्मी मौजूद रही। चैपाल के माध्यम से थाना प्रभारी ने उपस्थिति जनता को बताया कि यदि आपके मोबाइल पर अनजान नम्बर से फोन आता है और कहता है कि आपका खाता बन्द हो गया है चालू करने के लिए फोन पर चार अंक का ओटीपी नम्बर का पूछेगा तो आप लोग कतई न बताये सीधे नजदीकी बैंक जाकर पता करें यदि कोई साइबर क्राइम का शिकार हो तो अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इस मौके पर परियावां ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौर्य, सुनील कुमार मौर्य, मुग्गन अली, श्रवण कुमार पांडेय, तारिक अहमद, ननकऊ सोनकर, मनोज कुमार पाण्डेय, रामलाल गौतम, आदि लोग मौजूद रहे।

# संयुक्त अधिष्ठापन समारोह में लायंस क्लब के अध्यक्षों ने संभाला दायित्व

## टीम के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ के चार क्लबों के संयुक्त अधिष्ठापन समारोह में क्लब गौरव के अध्यक्ष शिशिर खरे, हर्ष के अश्वनी सिंह, शक्ति की डॉ. अवंतिका पांडे, अवध के नीलेश मिश्र एवं उनकी टीम ने लायनवाद की परंपरा को सदैव बढ़ाते रहने की शपथ ली।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 321ई के एमजेएफ सीए लायन सौरभ कांत श्रीवास्तव की मौजूदगी में इंस्टॉलेशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष लायन चार्टर्ड अकाउंटेंट सौरभ कांत श्रीवास्तव ने बताया कि लायंस क्लब कई दशकों से लगातार समाज सेवा कर रहा है। लायन अध्यक्षों के साथ उनकी टीम में सचिव लायन अमोलक सिंह, अमितेंद्र श्रीवास्तव, प्रमिला शुक्ला, सुबेदार उपाध्याय एवं कोषाध्यक्ष लायन प्रेमलता खंडेलवाल, कुंवर बहादुर सिंह, सारिका श्रीवास्तव व डॉ उमाकांत ओझा ने भी अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनकी टीम में फर्स्ट वाइस प्रेसिडेंट लायन डॉली केसरवानी, संतोष भगवन, अनीता पांडे, पंकज शुक्ला ने भी अपना चार्ज संभाला। उप मंडल अध्यक्ष प्रथम लायन अजय मेहरोत्रा एमजीएफ ने नवीन पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया जिनमें डायरेक्टर एमजीएफ डॉ. बृजभानु सिंह, रामेश्वर पांडे, गीता मिश्रा, प्रशासक डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा, संतोष भगवन, लक्ष्मी मिश्रा, संतोष पांडे, क्लब सर्विस चेयरपर्सन पवन भगवन, प्रतिभा भगवन, उदय कुमार मिश्रा, क्लब मेंबर चेयर पर्सन एमजेएफ लायन मनीष केसरवानी, अजय श्रीवास्तव, मीना पुष्पाकर, डॉक्टर आलोक पांडे, क्लब एलसी आईएफ चेयरपर्सन एमजेएफ राकेश शुक्ला, आनंद केसरवानी, आलोक सिंह, पुष्पा श्रीवास्तव, राम कुमार पांडे, क्लब पर्यावरण चेयरपर्सन नीरज केसरवानी, पंकज मिश्रा, सीमा मिश्रा, श्याम शंकर द्विवेदी, क्लब नेत्र देखरेख चेयरपर्सन सारिका कुंदनानी, कंचन सिंह, अनिल पांडे, जया भगवन, राजेश मिश्र, क्लब फंड चेयरपर्सन डॉ संदीप मिश्र, गोपाल गुप्ता, सीए अर्पित खंडेलवाल, राशिका भगवन, कृष्ण कुमार पांडे, क्लब डायबिटीज चेयरपर्सन डॉ मनीष त्रिपाठी, मनीष केसरवानी, रीता श्रीवास्तव, डॉक्टर ए के सिंह, क्लब रक्तदान चेयर पर्सन क्षितिज श्रीवास्तव, क्लब मीटिंग चेयर पर्सन संजीव आहूजा, अमरनाथ सिंह, रागिनी श्रीवास्तव, राजेंद्र शुक्ला थे।



समारोह में मौजूद लायंस क्लब के पदाधिकारीगण।

# पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिये डीएम ने की बैठक

## पराली दो-खाद लो कार्यक्रम का संचालन वृहद रूप से होः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की प्रभावी रोकथाम हेतु समस्त उपजिलाधिकारियों, उप कृषि निदेशक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है।

उन्होने निर्देशित किया है कि प्रत्येक ग्राम सभा के लिये ग्राम प्रधान, लेखपाल, कृषि विभाग एवं अन्य सम्बद्ध विभाग के कर्मचारियों को फसल अवशेष या अन्य जलाने की घटनाओं को रोकने के निर्देश दिये जाये तथा घटना प्रकाश में आने पर लेखपाल, ग्राम प्रधान एवं अन्य विभाग के विभिन्न कर्मचारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुये उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाये तथा प्रत्येक स्तर पर गठित प्रर्वतन टीम द्वार निरन्तर क्षेत्र भ्रमण कर नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित की जाये। निराश्रित गौशालाओं में पराली पहुँचाने की व्यवस्था की जाये, पराली इकट्ठा करने का काम मनरेगा तथा वित्त आयोग से फण्ड की व्यवस्था कर ली जाये तथा खेत से गौ-आश्रय स्थल तक पराली पहुँचाने की व्यवस्था पशुपालन विभाग द्वारा की जायेगी जिसकी प्रगति सूचना कृषि विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। इसके अतिरिक्त पराली दो-खाद लो कार्यक्रम का संचालन भी गौशालाओं के माध्यम से वृहद रूप से कराया जाये। उन्होने कहा है कि भारत सरकार द्वारा संचालित फसल अवशेष प्रबन्धन योजनान्तर्गत फसल अवशेष प्रबन्धन के लिये 14 प्रकार के यंत्र चिन्हित किये गये है। कृषकों को यह यंत्र उपलब्ध कराने हेतु कृषि विभाग द्वारा व्यक्तिगत कृषकों को कृषि यंत्र तथा एफ0पी0ओ0 द्वारा फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना की जानी है जिसमें व्यक्तिगत कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान तथा एफ0पी0ओ0 सहकारी समिति एवं पंचायतों को फार्म मशीनरी बैंक स्थापना हेतु 80 प्रतिशत अनुदान पर यंत्र विभागीय पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी का चयन कर कृषि यंत्रों का क्रय माह अक्टूबर 2022 तक पूर्ण कराते हुये अनुदान भुगतान की कार्यवाही समय से पूर्ण कर ली जाये जिससे धान फसल की कटाई के समय यंत्रों का उपयोग सुनिश्चित हो सके।

# नगर पालिका रोज कर रही हर वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव

## शहर में फागिंग के अलावा क्लोरोनेट पानी की हो रही आपूर्ति



स्टेशन रोड वार्ड में फागिंग करते नगर पालिका कर्मी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डेंगू के बढ़ते प्रभाव को लेकर नगर पालिका ने इसके बचाव के साधनों को लगाने में पूरी ताकत झोंक दी है। शासन व जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निर्देष पर नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह द्वारा बनाई गई कार्ययोजना के तहत शहर के सभी वार्डों में प्रतिदिन एंटीलार्वा का छिड़काव कर मच्छरों को कम करने की कोषिष की जा रही है तथा शहर के सभी ट्यूबबिलों में क्लोरीन डोजर को सक्रिय किया गया है जिससे शहरवासियों को क्लोरोनेट पानी की आपूर्ति हो सके। हर दिन शहर के पांच वार्डों में शाम सघन फागिंग की जा रही है। सोमवार की शाम शहर के स्टेषन रोड, नया माल गोदाम रोड, पष्चिमी सहोदरपुर, चिलबिला व महुली में फागिंग की गई। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नागरिक भी मच्छरों से बचाव के लिये पूरी आस्तीन का कपड़ा पहनें। घरों में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह ने कहा कि बदलते मौसम में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में शहरवासियों को भी सतर्क रहते हुए उन्होंने कहा कि नगर पालिका नियमित सफाई के अलावा नियमित एंटी लार्वा का छिड़काव कर रही है। शहर को साफ सुथरा रखने व सतर्कता से ही संक्रामक रोगों से बचाव किया जा सकता है।

## हिनाहू गांव में पँचायत सचिव ने कराया फॉगिंग

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** इन दिनों डेंगू जैसी गम्भीर बीमारी से बचाव के लिए कालाकांकर सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला के निर्देश पर ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी व ग्राम पंचायत सचिव रविशंकर सोनकर ने सोमवार की शाम को ग्राम पंचायत हिनाहुँ के सभी पुरवा में बीमारी से बचाव के लिए मशीन से दवा का छिड़काव कराया। गाँव मे जहां दवा का मशीन द्वारा फांगिंग कराने से लोगो को राहत मिली वही पँचायत सचिव रवि सोनकर ग्राम वासियो से अपील किया किअपने घर के साथ आस पास की जगह पर सफाई पर विशेष ध्यान दे जिससे जहरीले कीटाणु से बचा जा सके।

इस दौरान गाँव मे चहल पहल मचा रहा लोग ग्राम प्रधान के साथ ग्राम पंचायत सचिव कार्य की सराहना करते नजर आ रहे थे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत मुरस्सापुर सोनामऊ में ग्राम प्रधान संगीता देबी पत्नी सुरेश यादव ने ग्राम पंचायत सचिव रविशंकर सोनकर की देख रेख में डेंगू जैसी बीमारी से बचने के लिए गाँव मे मंगलवार की शाम को मशीन से दवा का छिड़काव कराया जिससे लोगो को राहत मिली। ग्रामीणों से साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कही गई।

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी अहमः आकांक्षा

## भाजपा कार्यालय पर महिला मोर्चा के प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा कार्यालय पर महिला मोर्चा के प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रुचि केसरवानी की अध्यक्षता में चार चरणों में आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं वन्देमातरम गीत के साथ शुभारंभ किया गया।

प्रथम सत्र का उद्घघाटन बतौर मुख्य अतिथि करते हुये महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा का इतिहास एवं विकास भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्प है। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओ के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी हमेषा राष्ट्र हितों के लिए पुरुषों का साथ देने के लिए आगे आई है। द्वितीय सत्र में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अर्चना शुक्ला ने राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन की चुनौतियां पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में तृतीय सत्र में प्रदेश कार्यसमिति की संगीता गोस्वामी ने नये भारत का निर्माण, केंद्र सरकार का महत्व एवं उपयोगिता से कार्यकताओं को अवगत कराया। चतुर्थ सत्र में अंजलि गोस्वामी ने महिला कार्यकताओं के सक्षम चुनौती व राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन मे समन्वय विषय पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पूनम इंसान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य माधुरी सिंह, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, जिला उपाध्यक्ष माधुरी सिंह, रचना चतुर्वेदी, जिला मंत्री ज्योत्सना खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, मंडल अध्यक्ष निर्मला, रेनू शुक्ला, बिंदु शर्मा, रूपा गौतम, मंजू सिंह सहित आदि उपस्थित रही।




प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला में मौजूद अतिथिगण।

## रेलवे पार्क में पौधरोपण कर दिया स्वच्छता का पैगाम

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पार्क में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी की तरफ से पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें बेल्हा की पहचान आंवले के पौधे लगाए गए। इस मौके पर ग्रुप के सहयोगी भरत यादव ने कहा कि रेलवे पार्क में पौधरोपण का अभियान चल रहा है। जिसमें फलदार, फूल और साज सज्जा के पौधे लगाए जा रहे हैं। पौधरोपण से स्वच्छ पर्यावरण रहेगा और प्रदूषण मुक्त आक्सीजन मिलेगी। उन्होंने पार्क को साफ सुथरा बनाने की अपील की है। पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे सहयोगी श्याम सिंह और राजेश चैरसिया ने कहा कि पार्क की साज सज्जा के लिए जो भी जरूरी होगा किया जायेगा। इस मौके पर नवाब अली, नीरज समेत रेलवे के कई कर्मचारी मौजूद थे।

# सेवन स्टार कबड्डी टीम ने दिल्ली फाइनल में महाराष्ट्र को हराया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कहते है कि कोई खेल में यदि खिलाड़ी लक्ष्य मानकर खेलता है तो उसे सफलता जरूर मिलती है ऐसा कर दिखाया सेवन स्टार कबड्डी की टीम ने 15 अक्टूबर 22 को दिल्ली पीएसएम स्पोर्ट ग्राउंड में महाराष्ट्र की टीम को हराकर जीत का सेहरा अपने सिर पर बांधते ऊँचाहार एक्सप्रेस ट्रेन से वापस घर पहुंचने पर परियावां रेलवे स्टेशन पर कबड्डी टीम का मिश्रपुर ग्राम प्रधान मनोज कुमार ओझा उर्फ गुड्डू ओझा, राकेश सरोज(प्रधान) पंकज दुबे, कोच अंकित यादव ने विजेता टीम को ट्रेन से सम्मान के साथ नीचे उतार कर उत्साह बर्धन किया और सभी खिलाड़ियों को गुलाब की माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया। विजेता खिलाड़ी टीम में अरविंद द्विवेदी, शशांक शुक्ला, हर्षित सोनी, राम सिंह यादव, मानसिंह यादव, हेमन्त यादव, अनूप मौर्य, कृष्णदेव पाण्डेय, हिमांशु यादव, व शुभम मिश्रा रहे।



परियावां स्टेशन पर कबड्डी टीम के विजेता खिलाड़ी।

# चार वारण्टी/वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना अन्तू से उ0नि0 शिवपूजन यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मु0नं0 1576/2013 धारा 395, 397, 412 भादवि से संबंधित दो वारण्टी अभियुक्तों रविन्द्र सिंह उर्फ रविन्द्रें पुत्र हरिवंश सिंह नि0 ग्राम माफिया मझिलहा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ व राम अवतार पुत्र भागीरथी नि0ग्राम खूंटाधार ईशीपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना रानीगंज से उ0नि0 राजेश यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र रानीगंज के दुगार्गंज बाजार से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 369/22 धारा 363, 366ए, 376(3), भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मो0 समीम पुत्र मो0 नसीम नि0 ग्राम अचकवापुर थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। उधर थाना संग्रामगढ़ से उ0नि0 दिनेश चन्द्र तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 294/2017 धारा 498ए, 323, 504, 506, भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वारण्टी अभियुक्त रविशंकर पटेल पुत्र मैकूलाल पटेल नि0 ग्राम काशीपुर थाना संग्रमापगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश में मारपीट को लेकर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ सोमवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सलेम भदारी निवासी पप्पू सरोज पुत्र हरीराम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पन्द्रह अक्टूबर को विपक्षी गांव के चार आरोपी रात ग्यारह बजे उसके दरवाजे आ धमके। आरोपी गांव के रंजीत सरोज पुत्र राजाराम, खुशबू पत्नी रंजीत तथा राजकुमारी पत्नी राजाराम व परमवीर ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियो ने पीडित तथा उसके परिवार के सदस्यो को लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर जानलेवा धमकी देते चले गये।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म को लेकर आरोपी के खिलाफ मंगलवार को केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की शाम लगभग साढे छः बजे खेत मे शौच करने गयी किशोरी को आरोपी ने बीच रास्ते में पकड लिया। पीडिता के पिता की ओर से दी गई तहरीर मे कहा है कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी जब घर पहुंची तो रोते बिलखते परिजनों को आपबीती बताया। पीडित ने बेटी के साथ घटना को लेकर मंगलवार को पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आमीशंकरपुर गांव के नरेश सरोज के पुत्र करमवीर सरोज उर्फ लिल्लू के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही आरोपी को हिरासत मे लिया जाएगा।

**पीडिता के पिता की ओर से दी गई तहरीर मे कहा है कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया।**

## चिकित्सा शिविर में तीन सौ ग्रामीणों के स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के संत नगर रैठे पूरे नोती मे मंगलवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिवगंगा जीव जन्तु कल्याण सेवा आश्रम के तत्वाधान में आयोजित शिविर में जिले के प्रतापगढ़ व लालगंज सीएचसी की चिकित्सीय टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक उपचार के उपाय सुझाये। शिविर में डा. अरूण सिंह, डा. रोहित यादव, वरूण तिवारी, सोनी, नीलम की टीम ने तीन सौ मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। संयोजक स्वामी जितेन्द्र तिवारी ने शिविर के जन कल्याणकारी उददेश्यो पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रीतेन्द्र ओझा, राजबल्लभ तिवारी, प्रेमशंकर तिवारी, महेश प्रसाद तिवारी, धीरेन्द्र तिवारी, अनिल ओझा, सुनील कुमार, मोनू तिवारी, अंकित, अतुल यादव आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगजन पेंशन में आधार प्रमाणीकरण कराएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा संचालित भरण पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) तथा कुष्ठावस्था पेंशन योजनान्तर्गत समस्त दिव्यांगजनों को पेंशन में आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से करायें। यदि लाभार्थी के आधार कार्ड व विभागीय डेटाबेस में कतिपय भिन्नतायें है जिसके कारण प्रमाणीकरण प्रक्रिया पूर्ण नही हो रही है तो विभागीय डेटाबेस में युक्तियुक्त परिवर्तन कर प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है। उन्होने कहा है कि दिव्यांगजनों द्वारा पेंशन में आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करते समय यदि कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन प्रतापगढ़ कक्ष संख्या-25 में बैंक पासबुक, आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण एवं मोबाइल नम्बर के साथ उपस्थित होकर आधार प्रमाणीकरण करा सकते है।

## किशोरी का अपहरण, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के रामगढ़ रैला पडकिया निवासी मो. युनुस पुत्र स्व. कल्लू ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्नीस सितंबर को परिवार के सदस्य रात में सो रहे थे। अमेठी जिले के कुशीताली निवासी शोयफ पुत्र स्व. वशीर अहमद ने फोन पर उसकी सोलह वर्षीया लड़की से बात की। इसके बाद रात करीब एक बजे शोयफ के साथ उसकी नाबालिग बेटी घर से भाग निकली। पीडित ने आशंका जताई कि मुम्बई ले जाकर आरोपी उसकी पुत्री के साथ अप्रिय वारदात कर सकता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले का आयोजन 21 अक्टूबर को

**कौशाम्बी।** राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिषन के तत्वाधान में 21 अक्टूबर 2022 को नवीन मण्डी समिति ओसा मंझनपुर के परिसर में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे पहुँचकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकतें हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 नवम्बर को

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में 12 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना बैंक वसूली विद्युत के मामले श्रम सम्बन्धी लेवर सम्बन्धी जमीन सम्बन्धी चालानी व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जाएगा।

# ग्रामीण परिवेश के छात्रों में शिक्षा के साथ अन्य प्रतिभाओं को निखारना सराहनीय : आईजी

## सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, मिशन शक्ति जन जागरूकता के करवाए जा रहे कार्य मे बेहद सराहनीय : एसपी

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के बेरुआ स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल प्रांगण में आर एस ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट उत्तर प्रदेश कौशांबी पुलिस एवं एसीसीआई कौशांबी शाखा द्वारा आयोजित यातायात, मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा के तत्वाधान में वृहद जन जागरूकता संगोष्ठी एवं रैली का भव्य आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज डॉ राकेश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, उप जिलाधिकारी चायल मनीष कुमार यादव , क्षेत्राधिकारी चायल श्यामकांत, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा सर्वप्रथम जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया , इसके उपरांत विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा लगाई गई साइंस एवं पर्यावरण विषय आधारित मॉडल की एग्जीबिशन, एवं साइबर सुरक्षा, मिशन शक्ति ,महिला सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण आदि विषय पर बच्चों के द्वारा



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र व अन्य अधिकारी

बनाई गई रंगोली का अवलोकन करने के पश्चात अतिथियों ने बच्चों की भूरी -भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर राकेश सिंह पुलिस महा निरीक्षक प्रयागराज ने उक्त अवसर पर बच्चों, शिक्षकों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस ग्रामीण परिवेश में इस स्तर का विद्यालय बनाना एवं ग्रामीण परिवेश के बच्चों के अंदर शिक्षा के साथ ही साथ उनकी अन्य प्रतिभाओं को निखारने का जो कार्य इस विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं उनके संचालकों द्वारा किया जा रहा है, वह बेहद सराहनीय एवं अकल्पनीय है।

पुलिस अधीक्षक कौशांबी हेमराज मीणा ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, मिशन शक्ति को लेकर जो जन - जागरूकता के कार्य करवाए जा रहे हैं, मैंने अपने कार्यकाल में देखा कि इस विद्यालय का इन सभी कार्यों में बेहद सराहनीय सहयोग रहा है। एवं विद्यालय के बच्चों का समर्पण देखकर ऐसा महसूस हो रहा है के इन के शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के अंदर जो शिक्षा व संस्कार समाहित किए जा रहे हैं, वह अवश्य ही एक दिन इन्हें उच्च शिखर पर ले जाने वाले होगें। उक्त अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनकी सभी ने तालियों के साथ प्रशंसा किया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद कौशांबी के डीपीओ राजनाथ, एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्रिंसिपल जेराल्ड पी डिसूजा, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य प्रतीक वत्स एवं उक्त कार्यक्रम के संयोजक लवलेश कुमार, (कार्यक्रम अधिकारी आईजी रेंज प्रयागराज) बलवंत शाह, अंजना त्रिपाठी, पवन कुमार मिश्रा , आसिम खान, सौरभ कुमार, सुषमा शुक्ला, रंजना पांडे , सुभाष शर्मा, नेहा गुप्ता, मिलन पटेल, यूसी मिश्रा, जितेंद्र प्रताप सिंह, पुष्पांजलि सिंह, भावेश कुमार, सुषेन्द्र कुमार, कुमुद सिंह, अर्चना त्रिपाठी, अवनीश शुक्ला, जितेंद्र सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे एवं उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती नीलम यादव एवं अलीशा आसिफ ने किया।

## न्यूज झरोखा

### डीएम ने कलेक्ट्रेट की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के दियें निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान नाजिर को कलेक्ट्रेट की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें इसके साथ ही उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर की नालियों की साफ-सफाई के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं पर भी जल-जमाव न होने पाये। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालयों को साफ-सुथरा एवं अभिलेखों को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने नाजिर को कलेक्ट्रेट के खराब लाइटों को ठीक कराने एवं निष्प्रयोज्य सामाग्रियों को नियमानुसार निस्तारित कराने के निर्देश दियें उन्होंने पान-मसाला खाकर दीवारों पर थूँकने वालों को चिन्हित कर जुर्माना लगाने के निर्देश दियें।

### रेलवे अंडर पास में भरा पानी, रेल पटरियों से गुजरते हैं राहगीर और विद्यार्थी, ठेकेदार की लापरवाही से हादसे की आशंका



**अझुवा कौशाम्बी।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर जगह जगह अंडर पास और रेलवे ओवर ब्रिजों की सरकार ने सौगात दी है किंतु ठेकेदारों की अदूरदर्शी सोच के कारण लोगों को समुचित आवागमन का लाभ नही मिल पा रहा है बात करें ग्राम सभा कनवार के पास रेलवे विभाग के ठेकेदार ने अंडर पास का निर्माण कराया जिसमे थोड़ी सी बरसात में ही पानी भर जाता है जिसमे पैदल मोटरसाइकिल और साइकिल से निकलना मुश्किल हो जाता है मजबूरन राहगीर, स्कूली बच्चे रेलवे ट्रैक को पैदल, साइकिल से पार कर पढ़ने जाते हैं जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है क्षेत्रीय लोगों ने जिले के उच्च अधिकारियों से समस्या निस्तारण की मांग की है।

### मनौरी स्टेशन पर चोरीचौरा के ठहराव की सूचना पर सांसद से मिलने पहुँचा ब्यापारियों का जत्था



**मनौरी कौशाम्बी।** मनौरी व्यापार मंडल बहुत दिनो से मनौरी रेलवे स्टेशन पर चोरी चौरा एक्सप्रेस को रूकवाने के लिए प्रयास करता रहा , इसके लिए बहुत जगह निवेदन किया लेकिन कही सफलता नही मिल सकी ! लगभग एक साल पहले चौरी चौरा ट्रेन के ठहराव के लिए कौशांबी सांसद विनोद सोनकर से मिलकर ब्यापारियों ने समस्या से अवगत कराया सांसद ने मनौरी के व्यापारियों की मांग को गंभीरता से लिया और भरोसा दिलाया की मैं रेलमंत्री से वार्ता कर आपलोगो की समस्या का निराकरण कराऊंगा !अंततः सांसद ने मनौरी रेलवे स्टेशन पर चोरी चौरा एक्सप्रेस के ठहराव को स्वीकृति कराया ! जब मनौरी के व्यापारियों को यह सुखद सूचना मिली तो मनौरी ,चायल तिल्लहापुर,सराय अकिल आदि क्षेत्र के सैकड़ों व्यापारी कौशांबी सांसद विनोद सोनकर के आवास पर धन्यवाद देने पहुंच गए और फूल माला पहनाकर उनको धन्यवाद दिया इस मौके पर मनौरी व्यापार मंडल के सुधीर कुमार केसरवानी,शंभू लाल केसरवानी,राधे श्याम केसरवानी,मनोज केसरवानी उर्फ पटेल जी,राकेश कुमार केशवानी,दीपू केसरवानी,रतन केसरवानी,प्रदीप केसरवानी,मदन केसरवानी,पप्पू महाराज आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### लव मैरिज करने वाली विवाहिता की मिली कुएं में लाश

**सराय अकिल कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के बंथरी गांव में एक महिला ने अपने मायके से भागकर युवक के साथ लव मैरिज किया था कुछ दिनों बाद महिला का पति से विवाद होने लगा और आए दिन महिला की पिटाई उसका पति किया करता था मंगलवार को महिला की लाश कुएं में मिली है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के बंथरी गांव निवासी मनोज कुमार के साथ तीन वर्ष पहले उमा देवी ने लव मैरिज किया था महिला उमा देवी अपने मायके से भाग कर मनोज के पास आई थी कुछ दिन तक तो ठीक ठाक चलता रहा लेकिन फिर विवाहिता के साथ आए दिन मारपीट शुरू हो गया इस बात की पुष्टि आस पड़ोस के लोग भी करते हैं मंगलवार को विवाहिता की लाश कुएं में मिली है चर्चाओ पर जाए तो उसके प्रेमी पति ने परिजनों के साथ मिलकर महिला की हत्या कर लाश कुएं में फेंक दी है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है खबर लिखे जाने तक अन्य जानकारी नहीं उपलब्ध हो सकी है।

### उदहिन बाजार में दो दिवसीय मेला शुक्रवार से

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के उदहिन बुजुर्ग बाजार में दो दिवसीय रात्रिकालीन मेले का आयोजन शुक्रवार 21 अक्टूबर से होगा। मेले की पहले रात्रि में राम रावण युद्ध एवं दूसरी रात्रि में राम भरत मिलाप का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा मेले में प्रयागराज से आने वाली आकर्षक रोशनी चौकी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति मेले का मुख्य आकर्षण होगी। साथ ही लाइट एवं साउंड की चकाचौंध से मेला गुलजार रहेगा। यह जानकारी मेला आयोजक अजय सोनी ने दी है।

# टाटा सूमो बचाने के चक्कर में पलटा कंटेनर 3 घायल

## राष्ट्रीय राजमार्ग में लगा लंबा जाम, पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खाली कराई सड़क

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के डोरमा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में एक टाटा सूमो सरकारी गाड़ी को बचाने के चक्कर मे कंटेनर पलट गया जिससे सड़क के दोनों लाइनों में लंबा जाम लग गया सड़क पर जाम की सूचना पाकर मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची है और कड़ी मेहनत करके सड़क का जाम हटवाया है। जानकारी के मुताबिक कंटेनर प्रयागराज की तरफ से कानपुर की ओर जा रहा था उत्तर प्रदेश सरकार लिखी टाटा सूमो गाड़ी पीछे थी ,सूमो ड्राइवर ने डोरमा के पास कट से दूसरी तरफ स्पीड में गाड़ी मोड़ दिया जिससे दूसरी पटरी में जा रहे दूसरे कंटेनर ड्राइवर अरुण यादव पुत्र प्रभु यादव दरभंगा बिहार की कंटेनर से भिड़ कर पलट गया जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ लंबा जाम



लग गया सूचना पर कोतवाली सैनी पुलिस और एन एच आई एम्बुलेंस मौके पर पहुंची कंटेनर में घायल ड्राइवर और खलासी को निकाल कर प्रयागराज के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया है समाचार लिखे जाने तक घायलों का नाम पता नही मालूम हो सका है मौके पर रहे राहगीरों ने बताया 3 लोग घायल थे वहीं दूसरे पटरी में जा रहे कंटेनर ड्राइवर ने बताया मेरी गाड़ी का चद्दर भी टक्कर से फट गया है अरुण यादव 1कंटेनर में 105 मोटर साइकिल लाद कर दिल्ली गुड़गांव से आसन सोल बिहार जा रहा है टाटा सूमो में भी टक्कर से आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है लम्बे जाम को स्थानीय सैनी कोतवाली पुलिस ने मशक्कत कर आवागमन को चालू कराया है।

### चित्रकूट में दीपावली प्रान्तीय मेला के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली से श्रद्धालुओं का आवागमन रहेगा प्रतिबन्धित

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट चित्रकूट अभिषेक आनन्द ने अवगत कराया है कि जनपद चित्रकूट में 22 अक्टूबर 2022 से 27 अक्टूबर 2022 तक चलने वाले दीपावली प्रान्तीय मेला के दौरान जानमाल की सुरक्षा की दृष्टि से ट्रैक्टर ट्रॉली से श्रद्धालुओं का आवागमन प्रतिबन्धित रहेंगा जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि दीपावली मेला के अवसर पर जनपद चित्रकूट में श्री कामदगिरि की परिक्रमा, दीपदान व विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भ्रमण के लिए लगभग 20 से 25 लाख की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। विगत 03-04 माहों में अन्य जनपदों में ट्रैक्टर ट्रॉली के पलटने से कई व्यक्तियों की मृत्यु व घायल होने की दुर्घटनायें घटित हुई हैं जिसके दृष्टिगत दीपावली प्रान्तीय मेला के दौरान जनपद चित्रकूट के अतिरिक्त बार्डर से सम्बन्धित अन्य जनपदों में भी बैरियर/चेकपोस्ट लगाकर ट्रॉली में बैठकर चलने वाले श्रद्धालुओं के ट्रेक्टर को रोकने के साथ ही साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से जनपद चित्रकूट में आवागमन प्रतिबन्धित रहेंगा।

# पुलिस चौकी के चार सिपाही डेंगू व टाइफाइड से पीड़ित

## स्वास्थ्य विभाग ने नहीं कराया थानों पुलिस चौकियो में दवाई का छिड़काव

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में तेज बुखार का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है, तेज बुखार के चलते अब तक कई लोगो की मौत हो चुकी है वही कई लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती है। बारिश के बाद अब मच्छरों के चलते डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी बीमारिया लोगो को बुखार से पीड़ित कर उन्हे अस्पताल में ले जा रही है। कोखराज थाना क्षेत्र की शहजादपुर पुलिस चौकी के सिपाही भी अब बुखार की चपेट में आ गए है। पुलिस चौकी में तैनात आठ में से चार सिपाही इस समय तेज बुखार से पीड़ित हैं । जिसमें सिपाही गौरव कुमार को डेंगू हो गया है, वही आशुतोष प्रताप सिंह को टाईफाइड की पुष्टि हुई है और मो. मलिक और अरुण कुमार को भी बुखार है। इस समय पुलिस चौकी में कुल आठ सिपाही की तैनाती है, जिसमें से चार बीमार चल रहे है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते पुलिस थाना और पुलिस चौकी में एंटी लार्वा दवाइयों का छिड़काव नही कराया गया है जिसके चलते जनता की सुरक्षा के लिए तैनात जवान भी गंभीर बीमारी की चपेट में आने लगे है।



# क्षतिग्रस्त पुलिया, अधूरा सड़क निर्माण कर भागा ठेकेदार

## विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कनवार बॉर्डर के पास कनवार लिंक मार्ग को मानक विहीन गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण कर दोनो तरफ इंटरलॉकिंग छोड़ ठेकेदार 2 माह से गायब हो गए है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने सम्बंधित विभाग के अफसरान से की है किंतु अभी तक निर्माण पूरा नही हुआ लिंक मार्ग में कनवार मोड़ से कनवार ग्राम सभा के बीच गुजरने वाली नहर की पुलिया क्षतिग्रस्त है कभी भी बड़े भार वाहन से पुलिया टूट सकती है जिससे हादसे का अंदेशा बना हुआ है लिंक मार्ग के दोनों तरफ गिट्टी अवशेष छोड़ बिखेर कर ठेकेदार फरार हो गया इंटरलॉकिंग का कार्य भी शेष पड़ा हुआ है ठेकेदार 2 माह से गायब है ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए बताया कि ठेकेदार एक तो सड़क का निर्माण गुणवत्ता विहीन, मानक विहीन किया दूसरा अधूरा निर्माण छोड़ फरार है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण और सड़क के दोनो तरफ इंटरलॉकिंग निर्माण करवाने की गुहार लगाई है।

### दीदी के देवर से पहले प्यार फिर संबंध अब शादी का दबाव

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक बालिका और उसके दीदी के देवर के बीच उपजे प्यार के बाद एक फिल्म के गाने की याद आने लगी हैं कि दीदी तेरा देवर दीवाना बालिका अपने दीदी के देवर को अपना दिल दे बैठी दोनों के बीच प्रेम उपजा और बालिका दीदी के देवर से मिलने अक्सर दीदी के घर पहुंच जाती थी मौका मिलने पर युवक भी बालिका के घर पहुंच जाता था दोनों के बीच प्रेम शारीरिक संबंध में बदल गए और पति-पत्नी की तरह रहने लगे लेकिन जब शादी की बात आई तो दीदी का देवर शादी करने से मुकर गया जिस पर मामला थाने पहुंचा पुलिस के दबाव में दीदी के देवर ने बालिका से शादी करने की बात स्वीकार तो कर ली लेकिन बाद में पलट गया जिस पर बालिका फिर पुलिस के पास पहुंची और दीदी के देवर पर आरोप लगाते हुए शादी कराने की बात कर रही है चर्चाओं पर जाए तो बालिका चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर के मजरा की रहने वाली है और उसके दीदी का देवर बिरौली गांव के जीत का पुरवा का रहने वाला बताया जाता है बालिका का आरोप है कि दीदी का देवर और उसका एक बहनोई ने शादी की बात करने पर 16 अक्टूबर को दिन में गाली गलौज मारपीट किया है और माचिस की तीली से जला दिया है इससे मेरे पैर में दाग बन गया है बालिका का कहना है कि दीदी का देवर उसकी बहन को भी धमकी दे रहा है कि यदि तूने बालिका से शादी कराई तो तेरा जीना मुहाल कर देंगे ।

# युवक ने फांसी के फंदे से झूलकर की आत्महत्या

## पहले भी युवक कर चुका था आत्महत्या का प्रयास

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी के एक युवक ने फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर लिया है मृतक ने सोमवार को अपने शरीर में कई जगह चाकू से वार कर चोट पहुंचाई थी,और फांसी लगाने का प्रयास भी किया था,जिसके बाद परिजनो ने उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया था,लेकिन वह अस्पताल से भाग गया था और देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच में जुट गई है। घटना क्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी निवासी बच्ची लाल उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र मंगी लाल ई रिक्शा चलाता था,चर्चा है की वह किसी से प्यार करता था और उसने उसे मना कर दिया जिससे वह



रोते बिलखते परिजन

परेशान रहता था,सोमवार को बच्ची ने अपने शरीर पर कई जगह चाकू से काट लिया था और फांसी लगाने का प्रयास किया लेकिन कुछ लोगो ने उसे बचा लिया और बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया था,जहा से वह मौका लगाकर भाग गया था। देर रात उसने कमरे में फांसी लगा ली,सुबह आस पास के लोगो को और घर वालो को पता चला तो पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

# डीएम ने की जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक

## दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना एवं खेत-तालाब योजना के तहत कराये गये कार्यों की बीडीओ एवं उप कृषि निदेशक से जॉच कराने के डीएम ने सीडीओ को दियें निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में बीहड़, बंजर एवं समस्याग्रस्त क्षेत्रों को सुधारने तथा कृषि मजदूरों को आवंटित भूमि का उपचार कराने एवं उन्हें आजीविका उपलब्ध कराने के लिए संचालित है। उन्होंने बताया कि खेत-तालाब योजना के तहत वर्षा जल संचयन के लिए कृषकों की निजी भूमि पर 22गुणे 20 गुणे 3 मी0 तालाबों का निर्माण किया जाता है तथा तालाब की कुल लागत एक लाख 05 हजार रुपए में से 50 प्रतिशत कृषक द्वारा एवं 50 प्रतिशत धनराशि विभाग द्वारा लाभार्थी को अनुदान के रूप में खाते में हस्तान्तरित किया जाता है जिलाधिकारी ने गत-वर्ष 2021-22 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना एवं खेत-तालाब योजना के तहत कराये गये कार्यों की बीडीओ एवं उप कृषि निदेशक से जॉच कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दियें। इसके साथ उन्होंने मनरेगा के अन्तर्गत कार्य कराये जाने के लिए कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दियें। बैठक में समिति द्वारा वर्ष 2022-23 में संचालित होने वाली



जल संरक्षण की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी

योजनाओं पं0 दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, खेत-तालाब योजना एवं एमएमएसए को अनुमोदित किया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षित युवाओं से ही होगा मजबूत भारत का निर्माण

## भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**कौशाम्बी।** आजादी के बाद देश में एकात्मक की विचार धारा को लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्रवाद को मजबूत करने को लेकर किया गया। जिसमें परिवार वाद से इतर एक ऐसे लोकतांत्रिक व्यवस्था को खड़ा करने की सोच मौजूद रही। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में बोलते हुए राष्ट्रीय मंत्री व सांसद विनोद सोनकर ने कही। इसके साथ शिविर के संगठन के कोषाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने कही और जिलाध्यक्ष अनिता त्रिपाठी ने सत्र में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण शिविर को



चार सत्रों में आयोजित किया गया जी नंबर विभिन्न अतिथियों ने संगठन को लेकर अपने-अपने विषयों पर विचार व्यक्त किया इस शिविर में प्रथम सत्र को भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सांसद विनोद सोनकर, दूसरे सत्र को भाजयुवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर, तीसरे सत्र को भाजपा जिलाध्यक्ष अनिता त्रिपाठी चौथे सत्र जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में बोलते हुए बतौर मुख्य अतिथि संगठन के भाजयुमो कोषाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों ने संगठन के इतिहास के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी एकात्मवाद की विचारधारा को लेकर चलता है। जो तय करता है कि भारत में रहने वाले प्रत्येक नागरिक को चाहे जिस धर्म वर्ग और संप्रदाय का हो उसे देश में हो रहे विकास की में हिस्सेदारी मिले।इस मौके पर प्रमुख रूप से शिव प्रताप मौर्य, सुनील मिश्रा, विनय पाण्डेय, अवधेश नारायण शुक्ला, शशांक तिवारी, आशुतोष, शौर्य मिश्र, नीरज मोदनवाल, आशारानी, मोहित, हर्ष केशरवानी, शानू कुशवाहा, पप्पू चौधरी, वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी सहित भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अधिकारियों की अदूरदर्शिता के चलते...

# परिसीमन में एन डी कॉलोनी दो वार्डो में बटी

## बीएलओ ने बताया कि एनडी कॉलोनी के मतदाताओं का नाम 2 खंड में शामिल अधिशासी अधिकारी ने बताया बकवास

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के अधिकारियों की अदूर दर्शिता के चलते एन डी कॉलोनी भरवारी के परिसीमन में एन डी कॉलोनी को दो वार्डो में बांट दिया। कॉलोनी का आधा भाग वार्ड पंद्रह में तो आधा भाग वार्ड चौबीस में बंट गया इसकी जानकारी मिलने पर एन डी कॉलोनी के वासियों ने आपात बैठक बुलाई। जिसमे नगर पालिका के इस कृत्य पर जोरदार विरोध किया सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को लिखित ज्ञापन देकर परिसीमन को संशोधित करते हुए पूरी एन डी कॉलोनी को या तो वार्ड नंबर पंद्रह में रखा जाए या तो वार्ड चौबीस में ही पूरी कॉलोनी को रखा जाए। इसके लिए आवश्यकता पड़ी तो धरना प्रदर्शन भी किया जायेगा। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी गिरीश चंद्र से बात की गई तो उनका कहना है कि बीएलओ ने अज्ञानता वश



अधिशासी अधिकारी से वार्ता करते भरवारी वासी

रूमर उड़ा दिया है इस तरह से कुछ नहीं हुआ है यह बकवास की बातें हैं। नगर पालिका भरवारी की एनडी कॉलोनी के निवासियों ने कहा कि यदि पूरी कॉलोनी की मतदाता सूची एक वार्ड में नहीं शामिल की गई और अगर प्रशासन इस पर भी नहीं सुनेगा तो उच्च न्यायालय इलाहाबाद की शरण लेते हुए चुनाव प्रक्रिया स्थगित कराई जाएगी। न्याय मिलने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। कॉलोनी के कई लोग नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मिलकर समस्या से अवगत करा चुके हैं बैठक की अध्यक्षता राम प्रकाश मिश्रा एडवोकेट ने की। बैठक में प्रदीप श्रीवास्तव राजेश सिंह गौतम संजय तिवारी कुंवर संजय सिंह एडवोकेट बृजेश यादव एडवोकेट रत्न द्विवेदी कुलदीप तिवारी डी आर शर्मा मनीष तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

संपादकीय

## नशे से खोखला होता हुआ जन-जीवन

**हर** तरह के सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती है' वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। वे एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूंघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लत लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॅकिट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते है कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्त अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं।

## भ्रष्टाचार पर राजनीति से कमजोर होता लोकतंत्र

**ललित गर्ग**

**पिछले** सालों में शीर्ष मंत्रियों, सांसदों, विधायकों एवं राजनैतिक दलों के शीर्ष नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामलों में जांच एंजेन्सियों की कार्रवाई की साहसिक परम्परा का सूत्रपात हुआ है, तभी से इस तरह की कार्रवाईयां में राजनीतिक दलों को अपना जनाधार बढ़ाने की जमीन नजर आने लगी है। इन शर्मनाक, अनैतिकता, भ्रष्टाचार एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन की घटनाओं में शामिल राजनीतिक अपराधियों को भरतसिंह से उपमित करना राजनीतिक गिरावट की चरम पराकाष्ठा है। अपने नेताओं के काले कारनामों पर परदा डालने के लिये राजनीतिक दलों के तथाकथित कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर उतर आते हैं जो आम जनता के लिये परेशानी का सबब बनते हैं। यह कैसा राजनीति चरित्र गढ़ा जा रहा है? यह कैसी शासन-व्यवस्थाएं बन रही है? नई आबकारी नीति बनाने और शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितता के आरोप में जब केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए तलब किया तो आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। इससे पहले जब नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ हो रही थी, तब कांग्रेस कार्यकताओं ने उसे केंद्र के इशारे पर कार्रवाई करार देते हुए दिल्ली की सड़कों पर प्रदर्शन किया था। उसके चलते कई दिन तक दिल्ली पुलिस और उन रास्तों से गुजरने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। पश्चिमी बंगाल में चिटफंड के आरोपी सांसद-मंत्रियों की सी.बी.आई. धरपकड़ को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाय-तौबा मचाया, तृणमूल कार्यकताओं ने हिंसा एवं प्रदर्शन किये। सच जब अच्छे काम के साथ बाहर आता है तब गूँगा होता है और बुरे काम के साथ बाहर आता है तब वह चीखता है। यह चीखना-चिलाना, नारेबाजी, सड़कों पर प्रदर्शन, मार्ग अवरूद्ध करना, काले कारनामों को ढकने के लिये आरोप-प्रत्यारोप करने से सच छूप नहीं जाता। उपराज्यपाल ने आबकारी मामले में जांच के आदेश दिए, तभी से आम आदमी पार्टी के नेता इसे भाजपा की बदले की कार्रवाई बताते रहे हैं। वे दावा करते रहे हैं कि सीबीआइ के छापों में मनीष सिसोदिया के घर और उनके गांव में कुछ भी नहीं मिला। अब वह किन्हीं अपरिचित लोगों के यहां छापे मार कर उन्हें मनीष सिसोदिया के करीबी बता कर बेवजह परेशान करने की कोशिश कर रही है। प्रश्न है कि जब सिसोदिया निर्दोष है तो सच का सामना करने से भाग क्यों रहे हैं? यह कितना अजीब है कि कोई जनप्रतिनिधि अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप को इस तरह महिमामंडित करे। अगर वे सचमुच पाक-साफ हैं और सीबीआइ को उनके घर से कुछ नहीं मिला है, तो फिर डर किस बात का।

# भाषायी-क्षेत्रीय असंतोष के शोले फिर भड़काने का भाजपायी खेल

**राजेंद्र शर्मा**

**जिन** लोगों को अस्सी और नव्बे के दशकों का पंजाब में आतंकवाद की समस्या का दौर भूल नहीं गया हैं, वे इस संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में ऐसे खतरनाक खेल के खतरों को बेशक कम कर के नहीं देखेंगे। फिर भी, जैसे इस मुद्दे के प्रभाव की क्षेत्रीय सीमा को पहचान कर, इसी सब के बीच अमित शाह की अगुआई में भाषा के सवाल पर और भी बड़े पैमाने पर और खासतौर पर दक्षिणी भारत में दबे हुए शोलों को फिर से हवा देने की कोशिश शुरू कर दी गई है।

जानकार कहते हैं कि मोदी-शाह की जोड़ी की एक बात बहुत ही खास है। वे शब्दशः कुछ भी संयोग के लिए छोड़ने की गलती नहीं करते हैं। यह देश को चुनावी तानाशाही के रास्ते पर धकेले जाने का ही संकेतक है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा निरंकुश होते शासन का सब कुछ अगले बड़े चुनाव का नफा-नुकसान देखकर तय करना शामिल है। मोदी राज में कायम किए गए नये-नये नार्मलों में से एक नॉर्मल यह भी है कि इसमें किसी को तब कोई हैरानी नहीं हुई थी, जब इस साल के शुरू में हुए पांच राज्यों के विधानसभाई चुनाव के लिए और सबसे बढ़कर उत्तर प्रदेश के चुनाव के लिए अपने प्रचार में, सीधे मोदी के प्रवक्ता माने जाने वाले अमित शाह ने, भाजपा की सत्ता में वापसी को, 2024 के चुनाव में मोदी की वापसी के साथ जोड़ दिया था। इस तरह, प्रधानमंत्री पद पर मोदी के दूसरे कार्यकाल का मुश्किल से आधा खत्म होने तक ही, मोदी के अगले चुनाव की तैयारियां बाकायदा शुरू हो चुकी थीं। बेशक, मोदी राज में कथनी से ठीक उलटी करनी को जिस तरह नॉर्मल बना दिया गया है, उसके चलते इसमें भी किसी को अचरज नहीं हुआ है कि यह करीब ढाई साल लंबा चुनाव अभियान उस पार्टी तथा उसकी सरकार द्वारा चलाया जा रहा है, जो बार-बार होने वाले चुनावों तथा उनके लिए चुनाव अभियानों से 'विकास के कामों' में बाधा पड़ने का सबसे ज्यादा शोर मचाती रही है। इतना ही नहीं, यह पार्टी समूचे जनतांत्रिक ताने-बाने को ही तहस-नहस करने की कीमत पर भी, 'एक देश, एक चुनाव' का अपना अति-केंद्रीयकरणकारी नुस्खा, देश पर थोपने के मौके भी तलाश करती रही है। पुनः यह भी कथनी से ठीक उलट और जाहिर है कि सत्ता-लाभ के ही हिसाब से करने का ही मामला है कि साफ तौर पर सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर ही, चुनाव आयोग ने बहुत से अनुमानों को झुठलाते हुए, हिमाचल और गुजरात के



विधानसभाई चुनावों को भी अलग-अलग कर दिया है। और सत्ताधारियों के इशारे पर ऐसा करते हुए चुनाव आयोग ने खुद को उपहास का पात्र बना लिया है। इस फैसले की क्षुद्रता का आलम यह है कि यह एक ओर तो, गुजरात के चुनाव की घोषणा देर से करने के जरिए, सत्ताधारी पार्टी तथा उसके सर्वोच्च नेता को चुनावी रैलियों में रियायतों व सहूलियतों की घोषणा के लिए अतिरिक्त समय देता है और दूसरी ओर, यह भी सुनिश्चित करता है कि हिमाचल के चुनाव नतीजे का असर, जहां सत्ताधारी भाजपा के हारने का वास्तविक खतरा है, गुजरात के चुनाव पर ह?गज नहीं पड़ने पाएं यानी हिमाचल में वोटों की गिनती, गुजरात के मतदान से पहले नहीं होने पाए। कहने की जरूरत नहीं है कि चुनाव आयोग ने अपनी इस विचित्र कसरत के लिए जो दलील दी है कि हिमाचल और गुजरात विधानसभाओं का कार्यकाल पूरा होने में 40 दिन से ज्यादा का अंतर होने की वजह से, उनके चुनाव अलग-अलग कराने पड़े हैं, झूठी ही साबित हुई है। इस साल के शुरू में हुए पांच विधानसभाओं के चुनावों की घोषणा एक साथ की गई थी, जबकि उनमें से अधिकांश के कार्यकाल के पूरे होने की तारीखों में पचास दिन से भी ज्यादा का अंतर था। फिर भी इस सब को सत्ताधारी पार्टी के नंगई से अपने चुनावी स्वार्थ से ही संचालित होने या ज्यादा से ज्यादा अपने चुनावी स्वार्थ के हिसाब से हरेक व्यवस्था को मोड़े-घुमाए जाने का ही मामला कहा जाएगा।

लेकिन, इस टिप्पणी में हम, बेशक चुनावी स्वार्थ से ही संचालित, किंतु क्षेत्रीय विवाद के ऐसे पुराने खतरनाक मुद्दों को फिर से उखाड़े जाने की ओर ध्यान खींचना चाहते हैं, जिन पर वक्त की काफी राख जम गई थी। खास उत्तरी भारत के संदर्भ में एक ऐसा ही मुद्दा है, सतलज यमुना लिंक नहर या एसवाइएल कैनाल को लेकर, हरियाणा और पंजाब के बीच विवाद का। इस विवाद का संबंध, सत्तर के दशक के आखिरी तथा अस्सी के दशक के शुरूआती वर्षों में भड़के हरियाणा और पंजाब के बीच के विवाद से है, जिसका नतीजा पंजाब में अतिवादी हिंसा के लंबे दौर के रूप में सामने आया था। उक्त विवाद में एक हिस्सा नदी जल के बंटवारे के विवाद का भी था और इसके निपटारे के हिस्से के तौर पर पंजाब से सतलुज का कुछ पानी हरियाणा को मिलना था और इसके लिए एसवाइएल कैनाल बननी थी। यह काम अब तक नहीं हो पाया है। हालांकि हर बार चुनाव से पहले, खासतौर पर हरियाणा में भाजपा जैसी विभाजन के जरिए ध्रुवीकरण में विश्वास करने वाली पा?टयों द्वारा इस मुद्दे को उछालने की कोशिश की जाती रही है, फिर भी अनेकानेक कारणों से पिछले सालों में इस मुद्दे का भावनात्मक असर घटता गया है। इसका एक कारण यह भी रहा कि पंजाब और हरियाणा में सत्ता में रही पार्टियों के आपसी समीकरण, इस मुद्दे को उछालने के लिए ज्यादा अनुकूल नहीं थे। बहरहाल, जब से पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, दोनों राज्यों की सत्ताधारी पार्टियां विभाजनकारी मुद्दों को हवा देने के लिए, आपस में होड़ कर रही हैं और वास्तव में कदम से कदम मिलाकर कोशिश कर रही हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टद्दर ने हाल ही में एसवाइएल का मुद्दा राज्य में शीर्ष स्तर से छेड़ते हुए "मन है कि मानता नहीं" का अपने हिसाब से चुस्त जुमला कस कर, इस खेल को और आगे बढ़ाया है। इसके ऊपर से भाजपा की केंद्र सरकार की अति-केंद्रीयकरण की हवस भी, आग में घी डालने का काम कर रही है। भाजपा समर्थकों के जरिए इधर-उधर से परोक्ष तरीके से, चंडीगढ़ को केंद्र-शासित प्रदेश बनाए जाने की मांग उछाले जाने के ऊपर से, अमित शाह के नेतृत्व में पहले बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र पंजाब में सीमा से पचास किलोमीटर भीतर तक कर दिया गया और उसके बाद, चंडीगढ़ में तैनात उच्चाधिकारियों को सीधे केंद्र के आधीन करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान पंजाब पुलिस द्वारा एक भाजपायी आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर के पंजाब ले जाए जाने के मामले में तो, दिल्ली पुलिस ही नहीं, भाजपा-शासित हरियाणा की पुलिस को भी, पंजाब पुलिस से आरोपी को छुड़ाने में लगा दिया गया था। जाहिर है कि यह सब पंजाब में पहले ही सिर उठाने की कोशिश कर रही अतिवादी ताकतों को बढ़ावा दे रहा है, हालांकि भाजपा और आप, दोनों को पंजाब और हरियाणा के बीच बढ़ते अविश्वास में, अपने पक्ष में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का मौका ही दिखाई दे रहा है। जिन लोगों को अस्सी और नव्बे के दशकों का पंजाब में आतंकवाद की समस्या का दौर भूल नहीं गया हैं, वे इस संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में ऐसे खतरनाक खेल के खतरों को बेशक कम कर के नहीं देखेंगे। फिर भी, जैसे इस मुद्दे के प्रभाव की क्षेत्रीय सीमा को पहचान कर, इसी सब के बीच अमित शाह की अगुआई में भाषा के सवाल पर और भी बड़े पैमाने पर और खासतौर पर दक्षिणी भारत में दबे हुए शोलों को फिर से हवा देने की कोशिश शुरू कर दी गई है। इस खेल का माध्यम बनी है, राज-काज की भाषा के रूप में हिंदी की प्रगति की समीक्षा करने तथा उसके लिए उपाय सुझाने के लिए, गृहमंत्री की अध्यक्षता में गठित हुई संसदीय समिति की ताजातरीन रिपोर्ट। हालांकि, अमित शाह की अध्यक्षता वाली उक्त समिति की रिपोर्ट अभी राष्ट्रपति के पास है और उसे संसद से होकर गुजरना है, तथा उसमें ठीक-ठीक क्या सिफारिशें की गई हैं, यह अभी सार्वजनिक नहीं हुआ है। फिर भी अब तक लीक होकर मीडिया में आई जानकारियों के अनुसार, इन सिफारिशों में केंद्रीय स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तथा प्रोफेशनल शिक्षा संस्थाओं तक में, हिंदी की शिक्षा के अनिवार्य माध्यम के रूप में लागू कराया जाना शामिल है। इसी प्रकार से सरकारी सेवाओं की परीक्षाएं हिंदी में ही लिए जाने और की हिंदी योग्यता अनिवार्य किये जाने की सिफारिश की गई है। हालांकि, बाद में अनाधिकृत रूप से यह स्पष्टद्दीकरण आया कि हिंदी की अनिवार्यता हिंदीभाषी क्षेत्रों की संस्थाओं के लिए ही होगी।

"मन है कि मानता नहीं" का अपने हिसाब से चुस्त जुमला कस कर, इस खेल को और आगे बढ़ाया है। इसके ऊपर से भाजपा की केंद्र सरकार की अति-केंद्रीयकरण की हवस भी, आग में घी डालने का काम कर रही है। भाजपा समर्थकों के जरिए इधर-उधर से परोक्ष तरीके से, चंडीगढ़ को केंद्र-शासित प्रदेश बनाए जाने की मांग उछाले जाने के ऊपर से, अमित शाह के नेतृत्व में पहले बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र पंजाब में सीमा से पचास किलोमीटर भीतर तक कर दिया गया

# अस्पृश्यता से मुक्ति की बजाय एससी क्यों बनना चाहते हैं मुस्लिम और ईसाई?

**अशोक भारती**

**मुस्लिम** और ईसाइयों का प्रमुख सवाल अनुसूचित जातियों में शामिल होने का है। इसलिए यह समझना जरूरी है, कि अनुसूचित जातियां या इससे संबंधित शब्दावली की शुरूआत कैसे हुई। भारत को उत्तरदायी शासन सौंपने के लिए ब्रिटेन में तीन गोलमेज सम्मेलन हुए। इन सम्मेलनों में डॉक्टर अंबेडकर के प्रयासों के चलते ब्रिटिश सरकार ने भारत के 'बहिष्कृत और अस्पृश्य' के लिए 1932 में पृथक निर्वाचन की घोषणा की। कई दशकों से मुस्लिम और ईसाई संगठन मांग कर रहे हैं कि उन्हें भी अनुसूचित जातियों में शामिल किया जाए। अभी तक केवल हिन्दू, सिख और नव-बौद्धों के अस्पृश्य एवं बहिष्कृत वर्गों (जातियों) को ही संवैधानिक (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के तहत अनुसूचित जाति के तौर पर अनुसूचित किया गया है। इसी बात को लेकर मुस्लिम और ईसाई संगठनों का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 341 में किसी भी धर्म विशेष का जिक्र नहीं है, इसलिए राष्ट्रपति द्वारा अनुसूचित जाति संबंधी 1950, 1956 और 1990 में दिए गए आदेश संविधान में अनुच्छेद 14 में दिए गए समता, अनुच्छेद-15 के केवल धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या भाषा के आधार पर भेदभाव के अधिकार और अनुच्छेद-25 के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। ज्ञातव्य है कि ईसाई और इस्लाम दोनों ने हमेशा ही खुद को अस्पृश्यता-मुक्त बताया है और दोनों ही अपने-अपने धर्मों में अस्पृश्यता नकारते रहे हैं। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय में पेश गाजी सादुद्दीन बनाम स्टेट ऑफ महाराष्ट्र एवं अन्य की दीवानी अपील और जनहित याचिका के जरिए मुस्लिम और ईसाई संगठन क्या साबित करना चाहते हैं? वैश्विक स्तर पर संगठित और संस्थागत तौर पर सशक्त मुस्लिम और ईसाई समाज आखिर समाज के सबसे कमजोर तबके में क्यों शामिल होना चाहते हैं? इन्हीं सवालों को केंद्र मे रखकर भारत सरकार ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) न्यायमूर्ति के जी बालकृष्णन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग नियुक्त किया है। यह आयोग उन लोगों के अनुसूचित जातियों में शामिल होने के दावे पर विचार करेगा, जो धर्मांतरण कर मुस्लिम या ईसाई बन गए और ऐतिहासिक रूप से अनुसूचित जाति के होने का दावा करते हैं।

**अनुसूचित जातियां कहां से आईं?** मुस्लिम और ईसाइयों का प्रमुख सवाल अनुसूचित जातियों में शामिल होने का है। इसलिए यह समझना जरूरी है, कि अनुसूचित जातियां या इससे संबंधित शब्दावली की शुरूआत कैसे हुई। भारत को उत्तरदायी शासन सौंपने के लिए ब्रिटेन में तीन गोलमेज सम्मेलन हुए। इन सम्मेलनों में डॉक्टर अंबेडकर के प्रयासों के चलते ब्रिटिश सरकार ने भारत के 'बहिष्कृत और अस्पृश्य' के लिए 1932 में पृथक निर्वाचन की घोषणा की। इसके तुरंत बाद गांधीजी ने इसके खिलाफ आमरण अनशन कर दिया। इस अनशन की परिणति गांधीजी के नेतृत्व में हिन्दू समाज और डॉक्टर अंबेडकर के नेतृत्व में अस्पृश्य समाज के बीच पूना पैक्ट हुआ। इसी पूना पैक्ट के बाद ब्रिटिश संसद ने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 पारित किया, जिसमें दलित वर्गों के लिए सीटों का आरक्षण शामिल किया गया, जिसे 1937 में लागू किया गया। शैड्यूल्ड कास्टस (अनुसूचित जातियों) को इसी एक्ट में सर्वप्रथम परिभाषित किया गया। इस संबंध में ब्रिटिश भारत सरकार (अनुसूचित जाति) आदेश, 1936 में ब्रिटिश-प्रशासित प्रांतों में जातियों का एक शैड्यूल (या अनुसूची) शामिल थी। इस शैड्यूल (अनुसूची) में होने की वजह से ही 'अस्पृश्य और बहिष्कृत जातियों' का नाम अनुसूचित जातियां पड़ा। स्वतंत्रता के बाद संविधान सभा ने अनुसूचित जातियों की प्रचलित परिभाषा को जारी रखा, और राष्ट्रपति ने अनुच्छेद-341 के तहत कान्स्टिट्यूशन (शैड्यूल्ड कास्ट) आदेश, 1950 में जातियों का एक शैड्यूल या लिस्ट जारी किया।

1956 में राज्यों के पुनर्गठन के बाद इसे कान्स्टिट्यूशन (शैड्यूल्ड कास्ट) आदेश, 1956 और वर्ष 1990 में' अस्पृश्य और बहिष्कृत' नव-बौद्धों को भी शामिल करने के लिए 1990 का आदेश जारी किया गया। केन्द्रीय सरकार ने संशोधित आदेश में स्पष्ट किया कि 'कोई भी व्यक्ति को, जो हिंदू, सिख या बौद्धधर्म को छोड़ अन्य किसी धर्म को मानता है, वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाएगा।' सरकार का यह आदेश संविधान के अनुच्छेद-25 के अनुरूप है, जिसमें सिख, बौद्ध और जैन को हिंदुओं की बृहत्तर परिभाषा में रखा गया है।

**केन्द्रीय सरकार की कार्यवाही:** कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार ने मार्च 2005 में पूर्व मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र की अध्यक्षता में 'राष्ट्रीय धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यक आयोग' का गठन किया। इस आयोग को 'आरक्षण के संबंध में 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा तथा साथ ही अनुसूचित जातियों की सूची में शामिल किए जाने की रीतियों के संदर्भ में संवैधानिक (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 के पैरा 3 से संबंधित उच्चतम न्यायालय तथा कतिपय उच्च न्यायालयों में दायर की गई रिट याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों के संबंध में सिफारिशें प्रस्तुत करना' था। न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र आयोग की रिपोर्ट को 18 दिसंबर 2009 को संसद के दोनों सदनों में पेश किया गया, जहां विचार-विमर्श के बाद उसकी सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया। इसके अलावा यूपीए सरकार ने मार्च 2005 में मुस्लिम के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थितियों का अध्ययन करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश राजिंदर सच्चर की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। सच्चर कमेटी के नाम से प्रसिद्ध इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि धर्मांतरण के बाद दलित मुसलमानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हुआ। जस्टिस मिश्र आयोग और जस्टिस सच्चर कमेटी रिपोर्टों ने अलग-अलग तरीके से ईसाई और मुस्लिम धर्मों की 'अस्पृश्य और बहिष्कृत जातियों' को अनुसूचित जातियों में शामिल करने की पैरवी की। जस्टिस मिश्र आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि 'अन्य पिछड़ा वर्ग की राज्यवार तैयार सूची में धर्म और जाति निरपेक्ष अल्पसंख्यक समुदाय शामिल किए गए थे। कई राज्यों में नव-बौद्ध, ईसाइयत और इस्लाम में परिवर्तित अनुसूचित जातियों को इन सूचियों मे शामिल किया गया। इसलिए महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में दलित-मूल के ईसाई और मुस्लिम को पहले से ही सरकारी सेवा और शिक्षा में ओबीसी के तहत आरक्षण प्राप्त है, तो उनका इस पीआईएल की मार्फत सर्वोच्च न्यायालय से अनुसूचित जातियों में शामिल किए जाने के क्या कुछ और भी निहितार्थ हैं?

# शमशान तेरा हिसाब बड़ा ही नेक है...

**किशन भावनानी**

**श्मशान** घाट का नाम सुनते ही आंखों के सामने खण्डहरनुमा वीरान स्थान, जलती चिता और उसकी राख की तस्वीर ही उभरती है। परंतु हमें किसी के कहे इन सुंदर वाक्य को वर्तमान परिपेक्ष में याद रखने की जरूरत है कि शमशान तेरा हिसाब बड़ा ही नेक है, तेरे यहां अमीर हो या गरीब सब का बिस्तर एक है। मेरा मानना है कि यहां यह एक ऐसा स्थान है जहां सबका एक समान स्थिति का बोध होता है समाज के हर वर्ग के हर प्राणी को उसी चिता पर लिटाया जाता है। हालांकि प्रक्रिया रीति रिवाज मान्यताएं हर वर्ग की अलग अलग हो सकती है क्योंकि इस रीति रिवाज की घनिष्ठता से ही भारत अनेकता में एकता का भाव रखता है परंतु भेदभाव के भाव में महसूस होता है अभाव!! हम सब जीवन के करीब करीब हर स्तरपर, हर स्थिति में भेदभाव का भाव महसूस करते हैं। हर कोई अपनों को प्राथमिकता देता है बड़े नामचीन लोगों का साथ प्रतिष्ठा का एक प्रतीक माना जाता है, परंतु अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति से कोई मतलब पड़ने पर ही बात करना पसंद करता है परंतु असल में श्मशान का बिस्तर ही एक ऐसा स्थान है जहां हर रिक्शा वाले रेहड़ी पटरी वाले और मजदूर इंसान से लेकर बड़े से बड़े उद्योगपति ऑफिसर नेता व्यक्ति की देह को भी उसी बिस्तर पर ही प्रक्रिया कर अग्नि सुपुर्द या सुपुर्द ए खाक किया जाता है जो एक सबसे बड़ा समानता का प्रतीक है। चूंकि आज हम शमशान की नेक सबका बिस्तर एक पर चर्चा कर रहे हैं इसीलिए हमें श्मशान और उससे जुड़ी प्रथाओं मान्यताओं और महिलाओं के प्रवेश वर्जित की मान्यताओं पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम अंतिम संस्कार की करें तो, हिंदू धर्म में 16 संस्कारों में 16वां संस्कार अंतिम संस्कार होता है। हिंदुओं में व्यक्ति की मृत्यु के बाद दाह संस्कार की रस्में निभाई जाती हैं। मृत व्यक्ति की शव यात्रा निकालने के बाद श्मशान घाट में देह को पंचतत्व में विलीन किया जाता है। अक्सर हमने देखा होगा कि अंतिम संस्कार में केवल पुरुष ही शामिल होते हैं, जबकि महिलाओं का श्मशान घाट में जाना वर्जित होता हैं। ऐसा क्यों होता है? इसके पीछे कुछ पौराणिक मान्यताएं हैं। साथियों बात अगर हम इंसान के बराबरी भाव की करें तो कहावत है कि ईश्वर की नजर में सब बराबर हैं, क्योंकि उसने सबको बराबर जो बनाया है। उसके लिए न कोई अमीर है, न गरीब। न कोई ऊँच, न नीच। न कोई छोटा, न बड़ा। लेकिन विडंबना यह है कि दिन-रात उससे याचना कर उसकी राह पर चलने का दावा करने वाले उसके बंदे, उसके भक्त ही सबको बराबरी की नजर से नहीं देखते, क्योंकि उनकी नजर, उनके मन, आचरण में भेदभाव होता है।इसी कारण वे सामने वाले को अपने से छोटा या बड़ा, ऊँचा या नीचा मानते हैं। और जो ऐसा करते हैं, वे अपने पास सब कुछ होने के बाद भी एक कमी सी, एक अभाव-सा महसूस करते हैं। वे यह समझ ही नहीं पाते कि यह अभाव अपने मन में बसी भेदभाव की भावना की वजह से है। जिस दिन वे इससे ऊपर उठ जाएँगे, उस दिन यह कमी खुद-ब-खुद दूर हो जाएगी। लेकिन समस्या यह है यह जानते हुए भी लोग इससे मुक्त नहीं हो पाते। साथियों बात अगर हम मानवीय भाव में हर क्षेत्र में विभाजन की करें तो वर्तमान समय में श्मशान में भी सामाजिक विभाजन के एक भाव को आधुनिकता एवं अलग वैचारिक सामाजिक सोच के प्रभाव में आकर बदले जाने की कोशिश तेज हो गई है क्योंकि,भारत के सामाजिक ढांचे में इंसानियत का यह विभाजन जन्म के साथ शुरू होता है और मौत के बाद भी श्मशान घाट तक इंसान का पीछा करता है। भारतीय समाज अनेक जातिधर्मों में तो बंटा रहा है, लेकिन यह बंटवारा श्मशान घाट में भी दिखाई देता है। एक राज्य में विभिन्न जातियों के लिए अलग अलग श्मशान की परंपरा रियासत काल की विरासत है। उस राज्य में रियासत के दौर में अलग-अलग जातियों के शमशान घाट का चलन शुरू हुआ।

## भुक्खड़ों की दास्तान

**डॉ. सुरेश**

**भुक्खड़ों** का मैच चल रहा है। अपनी टीम 107 पर नाबाद है। पिछले साल 101 की बेहतरीन पारी खेली थी। उस समय ऐसे चौके-छक्के लगे की गेंद जा-जाकर शिवगंगा की बजाए शवगंगा में गिरती। जिस तरह गेंद हवा में उड़ती हुई माल निचोडु औषधालयों, प्राण पखेरू अस्पतालों और क्षणभंगुर शवदाह केंद्रों की छत से होते हुए सत्ता की सीमा से बाहर खड़े पप्पुओं की गोदी में गिरती उसे देख ऑक्सीजन की कमी वाले दावे झूठे लगते। यहाँ इतनी हवा है कि किसी को जमीन पर उतरने की जुर्रत नहीं पड़ती। अब हमारा लक्ष्म 125 है। जिस गति और स्ट्रोक के साथ खेल रहे हैं वह दिन दूर नहीं जब हम टारगेट हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। ऐसा नहीं है कि हमें ही यह टारगेट मिला है। औरों को भी मिला है। जांबिया हमसे एक रन अधिक बनाकर 108 पर कायम है। यहाँ भी गजब के भुक्खड़ हैं। अनाज के नहीं देह के। जवान एड्स फैलाने में व्यस्त हैं और बूढ़े सत्ता चाटने में। 109 रन के साथ अफगानिस्तान जांबिया का बाप बना बैठा है। यहाँ के भुक्खड़ों को ताली बजाने वाले तालिबान कहते हैं। ये अपने हाथों में एके-47 की चूड़ियाँ पहने मलाला जैसों पर गोली चलाकर भूख मिटाने की नई मुहिम में जुटे हुए हैं। यहाँ थाली में बारूद की चटनी, हथगोले की लिट्टी और शरबत में खून से भरे गिलास बड़े चाव से परोसा जाता है। ऐसा भोजन देखकर अमेरिका को दस्त हो गई थी। वह यहाँ से भागा कि फिर आने का नाम नहीं ले रहा है।

## दुकानों से बेदखल व्यापारियों को दें रोजगार: शानू



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली मेला को सकुशल सम्पन्न कराने को रामघाट में बनी दुकानों का अतिक्रमण हटाने को गरजे बुलडोजर के बीच राष्ट्रीय उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता पहुंचे। उन्हें व्यापारियों ने बताया कि दीपावली मेला पर दुकानें ध्वस्त करने से व्यापारियों को भारी क्षति होगी। उन्होंने मौजूद एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम राजबहादुर व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय आदि से वार्ता कर दुकानदारों को रोजगार दिलाने की मांग की है।

मंगलवार को रामघाट में बनी दुकानों को ढहाने को अधिकारीगण बुलडोजर लेकर पहुंचे तो व्यापारियों में अफरा-तफरी मच गई। व्यापारियों ने तत्काल व्यापारी नेता शानू गुप्ता को फोन से बुलाया। शानू गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर मौजूद अधिकारियों से वार्ता कर कहा कि दुकानों को ध्वस्त करने पर व्यापारियों को उचित मुआवजा दिया जाये। रोजगार को खाली पडी जगह में आवंटन किया जाये। एडीएम ने कहा कि जिन दुकानों के बैनामा हैं, उन्हें प्रशासन सरकार के सर्किल रेट से मुआवजा देगा। छोटे व्यापारियों को आने वाले समय में दुकानें बनवाकर आवंटन में वरीयता दी जायेगी।

व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि बेरोजगार हो रहे व्यापारियों को धनतेरस व दीवाली पर्व के मद्देनजर छोटे व मंझोले व्यापारियों को दुकान रखने की जगह दी जाये। इस मौके पर व्यापारी प्रदीप केशरवानी, शिवशंकर, संजीत, सोने, छोटे, कृष्णगोपाल, राधेश्याम, केशव, सूरज तिवारी, केशरी महाराज, पवन तिवारी, प्रकाश केशरवानी, रामजी, अयोध्या दर्जी, शारदा हलवाई, रवि हलवाई, दिलीप केशरवानी, आशीष गुप्ता, सुनील जायसवाल, अमित गुप्ता, अभिषेक, टाइगर, संजय, दीपक, लखन, नन्दूराम यादव, संतोष, संजीव मोदनवाल व बालाजी समेत सैकडों व्यापारी मौजूद रहे।

## बागवानी मिशन में किसानों को मिलेंगे नि:शुल्क बीज: डीएचओ



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ ब्लाक के कलचिहा गांव में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के जिले में स्थापित हाईटेक पौधशाला को उपलब्ध भूमि का सत्यापन जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने किया।

मंगलवार को जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने गढवा गांव में किसान चैपाल लगाकर पंचायत भवन में आये किसानों को विभागीय औद्यानिक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बताया कि विभागीय पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कर एकीकृत बागवानी विकास मिशन में थल कार्यक्रम के तहत शंकर सब्जी क्षेत्र विस्तार व मशाला क्षेत्र विस्तार में किसानों को नि:शुल्क बीज दिये जायेंगे। किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप मिनी स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर व रेनगन लाभ के बारे में बताया। प्रधानमंत्री खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में जो किसान खुद का उद्योग लगाने के इच्छुक हैं, उन्हें लागत का 35 फीसदी अधिकतम दस लाख रुपये का अनुदान अनुमन्य है। गढवा गांव में किसानों के रोपित मिर्च की खेती का निरीक्षण किया। मिर्च में आने वाले कीटों की जानकारी लेकर निदान बताया।

जिला उद्यान अधिकारी ने जितेन्द्र कुमार पुत्र मेवालाल को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत आयलमिल की स्थापना कराई है। विभाग ने तीन लाख 50 हजार रुपये का बैंक ऋण दिया है। कटियान ने बताया कि चैपाल में आये प्रत्येक किसानों को पांच-पांच विभागीय पम्पलेट बांटे गये हैं। कहा है कि मोहल्ले-पुरवों में ज्यादा से ज्यादा किसानों को जानकारी दें। इस मौके पर गढवा के रामयश, प्रेम सिंह, बच्चीलाल, रामभवन आदि मौजूद रहे। सहायक निरीक्षक उद्यान पीयूष कुमार ने विभागीय जानकारी दी।

## अंत्योदय कार्ड धारकों को मिलेगी चीनी: डीएसओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी बीके महान ने सभी राशन कार्ड धारकों से कहा है कि 14 से 20 अक्टूबर के बीच नि:शुल्क वितरण का आदेश निरस्त कर 20 से 31 अक्टूबर के बीच होगा। त्रैमास के सापेक्ष अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को तीन किग्रा चीनी प्रति कार्ड बांटी जानी है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अंत्योदय व पात्र गृहस्थी राशन कार्डों के प्रति यूनिट के आधार पर नि:शुल्क पांच किग्रा चावल व अंत्योदय कार्ड धारकों को तीन किग्रा चीनी 18 रुपये की दर से बांटी जायेगी।

मंगलवार को डीएसओ बीके महान ने बताया कि सभी कोटेदारों के यहां बीस से 30 अक्टूबर तक सामग्री सवेरे छह से रात नौ बजे तक मिलेगी। जिले के सभी कोटेदारों को निर्देश दिये गये हैं कि सभी कार्ड धारकों को खाद्यान्न बांटें। कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न से वंचित न रहे।

उन्होंने बताया कि राशन कार्ड धारकों को चावल लेने की सुविधा रहेगी। चालान जारी करने की सुविधा 25 से 27 अक्टूबर तक रहेगी। चीनी वितरण के संबंध में सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। योजना के तहत वितरण की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर होगी। आधार प्रमाणीकरण से खाद्यान्न प्राप्त न करने वाले उपभोक्ता मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन से वितरण सम्पन्न होगा।

## नौ लोगों पर गुण्डाएक्ट की कार्यवाही से मची हलचल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को रैपुरा थानाध्यक्ष राकेश मौर्य ने जनता में भय एवं आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले नौ लोगों पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

मंगलवार को रैपुरा थानाध्यक्ष राकेशमौर्य ने जनता में भय एवं आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले सीताराम पुत्र शिवभवन निवासी बांधी, सुखबीर सिंह पुत्र गनपत सिंह, बउवा सिंह पुत्र ज्ञान सिंह, शैलू सिह उर्फ शैलेन्द्र पुत्र भूपत सिंह निवासी खजुरिहाकला, नवल पुत्र राजेश तिवारी, सुखसागर पुत्र बद्रीप्रसाद, राजेश पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी कौबरा व वीरेन्द्र धोबी पुत्र माधव निवासी गहोराखास के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अराजकतत्वों में हलचल मची है।

इसी क्रम में गनीवा पुलिस चैकी प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने मारपीट व गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के मामले में वारंटी गोविन्द पटेल पुत्र छेदीलाल व छेदीलाल पुत्र भोलानाथ निवासी कंधवनिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## दीपावली मेले में ट्रैक्टर से यात्रा है प्रतिबंधित: डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एयरपोर्ट एथारिटी के अधिकारियों से कहा कि एप्रोच रोड में मैन पावर बढाकर प्रगति करायें। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि पर्यटन के प्रस्तावों की मंजूरी जल्द करायें। उन्होंने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर दीपावली मेला के समय सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों से मौजूद रहने के निर्देश दिये हैं।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक में निर्देश दिये कि रामघाट में लाइटिंग सीढियों की मरम्मत, सीसीटीवी कैमरा, टीएफसी पार्किंग, बेडीपुलिया चैराहे का सुन्दरीकरण का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाये। अभियान चलाकर वन विभाग, राजस्व विभाग, नगर पालिका, पुलिस बल के साथ परिक्रमा मार्ग का अतिक्रमण हटायें। दीपावली मेले में 25 लाख श्रद्धालुओं की भीड होती रही है।

मेला में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने को सभी व्यवस्थायें चैकस करायें। मजिस्ट्रेटी ड्यूटी लगाने को सभी विभागों के अधिकारी मुख्यालय में रहना जरूरी है। बिना उनकी अनुमति के कोई अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोडेगा।

उन्होंने रामघाट, भरतकूप, रामसैया, मेला क्षेत्र का भ्रमण कर दीपावली मेला की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि रामघाट में बैरीकेटिंग एवं सीढियों की अच्छे से सफाई करा दें। ईओ नगर पालिका से कहा कि रामघाट में बब्बू सेठ की गली की ओर श्रद्धालुओं के प्रवेशको प्रवेश द्वार, निमोर्ही अखाडा के पास निकास द्वार बनायें। मेला में एक ओर से प्रवेश दूसरे ओर से निकास की व्यवस्था करायें। भरतकूप मन्दिर के पांच सौ मीटर पहले सजावट एवं स्वागत द्वार बनायें। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील किया कि 22 से 27 अक्टूबर तक दीपावली मेला दौरान ट्रैक्टर ट्राली से आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। बैठक व भ्रमण में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पीआरवी टीम ने आत्महत्या से युवक को बचाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर पीआरपी 4412 कोतवाली कर्वी की टीम ने आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक को घर से बाहर निकालकर जिला अस्पताल सोनेपुर में भर्ती कराया है।

मंगलवार को इसी क्रम में चैकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण सिंह की टीम ने राजा निषाद पुत्र बसंता निवासी कटरा गूदर को 35 क्वार्टर देशी शराब के साथ दबोचकर चालान किया है। चैकी प्रभारी सीतापुर की टीम ने वांछित वेदप्रकाश पाण्डेय पुत्र शिवमोहन पाण्डेय निवासी लुढवापुरवा छपरामाफी को गिरफ्तार कर चालान किया है।

पीआरवी 4412 कोतवाली कर्वी को सूचना मिली कि एक व्यक्ति कमरे में रस्सी लेकर आत्महत्या करने गया है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोडकर आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक को घर से बाहर निकाला। बेहोशी की दशा में पीआरवी कर्मियों ने प्राइवेट वाहन से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराकर इलाका पुलिस को सूचना दी है। पीआरवी टीम में कमांडर रामकिशन प्रजापति व पायलेट होमगार्ड रामदयाल मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में 692 लोगों को मिला रोजगार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवा योजन कार्यालय में मंडी समिति कर्वी में रोजगार मेला लगाकर 692 अभ्यर्थियों को चयनित किया। मंगलवार को मंडी समिति कर्वी में लगे रोजगार मेले में बतौर मुख्य अतिथि मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार पत्र बांटे। कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को प्रमाण पत्र भी बांटे। विधायक मानिकपुर द्विवेदी ने कहा कि यहां आई कम्पनियों ने जिन्हें चयनित किया है। वे सभी जल्दी नौकरी में जाकर योगदान दें। भाजपा जिलाध्यक्ष खरे ने कहा कि सरकार रोजगार के साथ रहने को आवास व अन्य सुविधायें दे रही हैं। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के विभिन्न बैंकों से लोन की स्कीम जारी की जा रही है। सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि देश का युवा ही देश की तरक्की में अहम होता है। स्वरोजगार के लिए सरकार ने ढेरों योजनायें चला रखी हैं। उससे युवा लाभ ले सकते हैं। इस मौके पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर के प्रधानाचार्य बीके तिवारी ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में एमआईएस मैनेजर अरुणेन्द्र कुमार शुक्ला व एमजीएन फैलो विभोर शुक्ला मौजूद रहे। संचालन जिला सेवा योजन अधिकारी पीसी शर्मा ने किया।

## गोल्फर जीव मिल्खा सिंह की शिकायत खारिज:8 साल बाद भी गाड़ी ट्रांसफर नहीं; भुगतेंगे 85 हजार के 63 ट्रैफिक चालान



**चंडीगढ़।** अपने नाम वाली मर्सिडीज कार के दिल्ली में 63 चालान होने से जुड़े मामले में फ्लाइंग सिख स्व. मिल्खा सिंह के बेटे और गोल्फर जीव मिल्खा सिंह की शिकायत चंडीगढ़ कोर्ट ने रद्द कर दी है। जीव मिल्खा ने शिकायत में कहा था कि चंडीगढ़ पुलिस को आदेश दिए जाएं कि उनकी गाड़ी खरीदने वाले दिल्ली के नितिन जैन और कार बिकवाने वाले कार डीलर के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किया जाए।

जीव मिल्खा सिंह ने CRPC की धारा 156(3) के तहत एडवोकेट तरमिंदर सिंह के जरिए यह शिकायत दायर की थी। मामले पर सुनवाई के बाद चंडीगढ़ जिला कोर्ट के चीफ ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट डॉ.अमन इंद्र सिंह ने कहा कि शिकायत में कोई मेरिट नहीं है। जीव मिल्खा सिंह की ओर से दायर शिकायत के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2014 में दिल्ली के नितिन जैन को अपनी मर्सिडीज कार बेची। नितिन जैन ने कार अपने नाम ट्रांसफर नहीं करवाई। इसका पता उन्हें तब चला जब उन्हें दिल्ली पुलिस की ओर से ट्रैफिक के चालान आने लगे। उन्हें दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से 85 हजार रुपए के 63 ट्रैफिक चालान भेजे गए। इस मामले में जीव मिल्खा सिंह ने चंडीगढ़ के स्स्क को शिकायत दी मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने चंडीगढ़ अदालत में शिकायत दायर कर गाड़ी खरीदने वाले दिल्ली के नितिन जैन और कार बिकवाने वाले कार डीलर के खिलाफ विश्वासघात (धारा 406), धोखाधड़ी (धारा 420) और आपराधिक साजिश रचने (धारा 120-बी) के तहत केस दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया कि चंडीगढ़ के सेक्टर 3 थाने के SHO को इस बारे में आदेश दिए जाएं।

**8 साल पहले बेची थी कार**

जीव मिल्खा सिंह ने अपनी मर्सीडीज कार (CHOv AR 0725) दिल्ली के नितिन जैन को 10 जून, 2014 को बेची। यह गाड़ी दिल्ली के ही एक डीलर के जरिए बेची गई। आरोप है कि नितिन जैन ने गाड़ी खरीदने के बाद उसे लंबे समय तक अपने नाम रजिस्टर्ड नहीं कराया। इस दौरान ट्रैफिक नियम टूटने पर चालान जीव मिल्खा सिंह के नाम आते रहे। ट्रैफिक चालान न भरने पर जीव मिल्खा को पिछले दिनों दिल्ली की रोहिणी कोर्ट से नोटिस मिला, जिसे देखकर उन्हें पूरे मामले का पता चला।

**जीव मिल्खा ने मोटर व्हीकल एक्ट की पालना नहीं की**

कोर्ट ने इस पॉइंट पर विचार किया कि इस मामले में IPC की धारा 420, 406 और 120-बी बनती है या नहीं? कोर्ट ने कहा कि ऐसी कोई बात शिकायत में नहीं है कि प्रतिवादी पक्ष (खरीददार या डीलर) ने गाड़ी की कीमत अदा नहीं की। शिकायत सिर्फ यह है कि खरीददार और डीलर ने गाड़ी को अपने नाम रजिस्टर्ड नहीं कराया। इसी मामले में कोर्ट में दायर जवाब में नितिन जैन ने कहा कि वह गाड़ी का अकेला खरीददार था और डीलर के नाम गाड़ी ट्रांसफर नहीं हुई थी। कोर्ट ने कहा कि मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 50 के तहत जब कोई व्यक्ति अपनी गाड़ी बेचता है तो उसे उस अथॉरिटी से NOC लेनी होती है जहां गाड़ी रजिस्टर्ड होती है। यह NOC मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 48 के तहत फार्म नंबर 28 भरकर लेनी होती है। इसके बाद NOC उस जगह की अथॉरिटी को भेजनी होती है जहां गाड़ी रजिस्टर्ड होनी है। कोर्ट ने कहा कि जीव मिल्खा ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ये कार्रवाई पूरी नहीं की। इस मामले में IPC की धारा 420, 406 और 120-बी का अपराध नहीं बनता। शिकायत में कोई मेरिट नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि 23 दिसंबर, 2022 को मामला प्रारंभिक साक्ष्यों के लिए शिकायतकर्ता ने अपनी खुद की जिम्मेदारी पर पेश किया जाएगा। केस को IPC शिकायत के रूप में रजिस्टर्ड करने को कहा गया। अब चिरंजीव मिल्खा सिंह अपने स्तर पर मामले में सबूत पेश करेंगे। वहीं अगर कोर्ट को प्रतीत होता है कि मामले में केस बनता है तो पुलिस को उचित आदेश दिए जा सकते हैं।

## मोहम्मद शमी ने दिए शाहीन अफरीदी को टिप्स, क्या भारत के खिलाफ आएंगे काम?



**ब्रिसबेन।** भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 का मुकाबला 23 अक्तूबर को खेला जाएगा। भारतीय तेज गेंदबाजी को लीड करने का जिम्मा जहां मोहम्मद शमी के कंधों पर है तो वहीं पाकिस्तान को युवा गेंदबाज शाहीन अफरीदी से बहुत उम्मीदें लगी हैं। र्म-अप मैच के लिए कई टीमें इस समय ब्रिसबेन में मौजूद हैं, जिसमें भारत और पाकिस्तान भी शामिल हैं। शमी ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को जीत दिलाने का काम किया। हालांकि, इस मैच से पहले शमी से शाहीन अफरीदी कुछ टिप्स लेते दिखे, जिसका वीडियो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने ट्विटर हैंडल पर भी शेयर किया।

वीडियो में अनुभवी मोहम्मद शमी से शाहीन गेंदबाजी की टिप्स लेते हुए नजर आ रहे हैं। शमी ने नेट सेशन के दौरान शाहीन से मुलाकात की। दोनों गेंदबाजों को चर्चा करते हुए देखा गया। शमी बेहतरीन सीम गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। दूसरी तरफ युवा शाहीन भी अच्छी स्विंग गेंदबाजी करते हैं, लेकिन शाहीन ने शमी से सीम गेंदबाजी करने के टिप्स लिए। शमी ने गेंद हाथ में लेते हुए शाहीन को बताया कि किस पोजिशन में गेंद को फेंकना चाहिए।

**क्या भारत के खिलाफ आएंगे काम?**- अब देखना यह बाकी है कि जब भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होगा तो क्या शाहीन ने जो शमी से टिप्स लिए हैं वो काम आते भी हैं या फिर भारतीय बल्लेबाज उनकी धुनाई करते हैं। शाहीन पूरी तरह से फिट हैं। उनका प्लेइंग इलेवन में शामिल होना भी पक्का है। ऊधर शमी ने अभ्यास मैच में सिर्फ एक ओवर फेंकते ही आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को 6 रन से जीत दिलवा दी। शमी ने 4 रन देकर 3 विकेट लिए।इससे पहले एशिया कप में शाहीन अफरीदी को देखकर विराट कोहली ने उनका हाल चाल पूछा था। तब शाहीन चोटिल थे। उनके पैर में चोट आई थी। कोहली ने जब पूछा तो शाहीन ने बताया कि पैर में दिक्कत है और हो सकता है विश्वकप में भी वह नहीं खेले। इसके बाद शाहीन अफरीदी ने कोहली से कहा कि उनकी बल्लेबाजी के लिए वह दुआ कर रहे हैं। हमारी आवाम आपकी बल्लेबाजी देखना चाहती है।

## प्रधान डाकघर की टीम बनी मानसून वॉलीबाल की चैम्पियन

**प्रयागराज।** स्थानीय देव स्पोर्ट्स पब्लिक स्कूल बसवार, चाका में जिला वॉलीबाल संघ, प्रयागराज के तत्वावधान में दो दिवसीय 'जिला स्तरीय मानसून वॉलीबाल प्रतियोगिता' सम्पन्न हुई। फाइनल मैच में प्रधान डाकघर की टीम ने देव स्पोर्ट्स हॉस्टल 25-19 और 25-21 अंकों से हराकर मानसून वॉलीबाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच म्योहॉल हॉस्टल प्रयागराज और प्रधान डाकघर की टीम के बीच खेला गया। जिसमें प्रधान डाकघर की टीम ने म्योहॉल हॉस्टल को 25-18 और 25-22 अंकों से हराया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में देव स्पोर्ट्स हॉस्टल की टीम ने पुलिस लाइन क्लब प्रयागराज की टीम को 25-16, 30-32 व 25-18 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता में फूलचंद गुप्ता, सतेंद्र पांडेय, मुकेश शुक्ला, धनंजय राय, विकास बाल्मीकि, असफाक अहमद, रवि वर्मा, संतोष भास्कर, राजू पाल ने रेफरी का कार्य किया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डिप्टी एसपी, एसटीएफ प्रयागराज नवेंदु कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सुभाष पांडेय, अध्यक्ष सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स, उत्तर प्रदेश ने विजेता एवं उपविजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी एवं खिलाड़ियों व ऑफिसियल्स को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया।

## सरकार को मध्यावधि चुनावों की घोषणा करने के लिए कुछ और समय देता हूं : इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि वह संघीय राजधानी में प्रस्तावित अपनी मेगा रैली की तारीख की घोषणा अभी नहीं कर रहे हैं और शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को मध्यावधि चुनाव कराने तथा नेशनल असेंबली को



भंग करने के लिए कुछ और समय दे रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष खान ने इस महीने की शुरुआत में हकीकी आजादी मार्च का आह्वान किया था।

उन्होंने रविवार को हुए उपचुनाव में अपनी पार्टी की शानदार जीत के बाद कहा कि वह संघीय सरकार को मध्यावधि चुनाव कराने तथा नेशनल असेंबली को भंग करने के लिए कुछ और समय दे रहे हैं। खान ने कहा, मैं उन्हें (सरकार) समय दे रहा हूं ... और किसी भी समय एक लंबे मार्च की घोषणा करूंगा, जो निश्चित रूप से अक्टूबर में आयोजित किया जाएगा। यह विरोध बहुत अलग होगा और सड़कों पर जनता को नियंत्रित करने में कोई भी सक्षम नहीं होगा।

## पाकिस्तान की अदालत ने झूठे हलफनामा मामले में इमरान खान को अंतरिम जमानत प्रदान की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ एक प्रतिबंधित वित्तपोषण मामले के संबंध में निर्वाचन आयोग को कथित रूप से झूठा हलफनामा प्रस्तुत करने के मामले में 31 अक्टूबर तक अंतरिम जमानत दे दी। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने पिछले हफ्ते 69 वर्षीय खान और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया था। प्राथमिकी के अनुसार, वूटन क्रिकेट लिमिटेड के मालिक आरिफ मसूद नकवी ने खान की पार्टी के नाम से पंजीकृत एक बैंक खाते में गलत तरीके से धन हस्तांतरित किया। पूर्व प्रधानमंत्री खान ने विशेष अदालत में जमानत याचिका दायर की, जहां न्यायाधीश रजा आसिफ महमूद ने दलीलें सुनने के बाद 100,000 पाकिस्तानी रुपये के मुचलके पर 13 अक्टूबर तक अंतरिम जमानत प्रदान कर दी। एफआईए मामला पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) द्वारा पीटीआई के खिलाफ निषिद्ध वित्तपोषण मामले में पिछले महीने के फैसले पर आधारित है, जिसमें कहा गया था कि पार्टी को वास्तव में प्रतिबंधित स्रोतों से धन प्राप्त हुआ था। इसने फैसला सुनाया कि पार्टी ने अन्य स्रोतों के अलावा वूटन क्रिकेट लिमिटेड से ''जानबूझकर''धन प्राप्त किया। खान और अन्य नेताओं ने किसी भी गलत काम से इनकार करते हुए दावा किया कि पीटीआई को प्राप्त सभी धन वास्तव में विदेशों में रहने वाले पाकिस्तानियों से चंदा था। एफआईए द्वारा जिन लोगों को अभ्यारोपित किया गया है उनमें सरदार अजहर तारिक खान, सैफुल्ला खान न्याजी, सैयद यूनुस अली रजा, आमेर महमूद कियानी, तारिक रहीम शेख, तारिक शफी, फैसल मकबूल शेख, हामिद जमां और मंजूर अहमद चौधरी शामिल हैं। एफआईए ने दो आरोपियों सैफुल्ला खान न्याजी और हामिद जमां को पहले ही हिरासत में ले लिया है।

## स्वीडन की संसद ने 'कंजर्वेटिव' नेता उल्फ क्रिस्टर्सन को प्रधानमंत्री चुना

**स्वीडन।** स्वीडन की संसद ने परंपरावादी मॉडरेट पार्टी के नेता उल्फ क्रिस्टर्सन (59) का प्रधानमंत्री के रूप में चुनाव किया। वह ऐसे गठबंधन के प्रमुख होंगे जिसे कभी कट्टरपंथी दक्षिणपंथी रही पार्टी का भी समर्थन प्राप्त है। क्रिस्टर्सन 173 के मुकाबले 176 मतों से निर्वाचित हुए।उनकी सरकार के मंगलवार को कार्यभार ग्रहण करने की उम्मीद है। उनके गठबंधन में तीन दल शामिल हैं हालांकि गठबंधन के पास बहुमत नहीं है। लेकिन स्वीडन में, प्रधानमंत्री तब तक शासन कर सकते हैं जब तक कि संसद में उनके खिलाफ बहुमत नहीं हो। स्वीडन डेमोक्रेट्स के साथ करीब एक महीने हुई बातचीत के बाद, यह समझौता आकार ले सका है।

## ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में बोल्सोनारो व लूला के बीच कांटे का संघर्ष

**– पहली बहस में दोनों प्रत्याशियों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप**

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में मुकाबला लगातार रोचक होता जा रहा है। चुनाव में आमने-सामने मुकाबला कर रहे मौजूदा राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो और पूर्व राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला डीसिल्वा के बीच कांटे का संघर्ष है। अभियान के दूसरे दौर की पहली बहस में दोनों उम्मीदवारों ने एक दूसरे पर जमकर आरोप लगाए।

ब्राजील में राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर में पूर्व राष्ट्रपति व वामपंथी नेता लुइज इंसियो लूला डीसिल्वा को 48 प्रतिशत और मौजूदा राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को 43 प्रतिशत वोट मिले थे। दूसरे दौर के चुनाव अभियान की शुरुआत होते ही दोनों उम्मीदवार एक दूसरे पर आक्रामक हो गए हैं। दोनों के बीच हुई पहली बहस में पूर्व राष्ट्रपति डीसिल्वा ने कोरोना के दौरान हुईं मौतों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस महामारी से ब्राजील में 680,000 मौतें हुईं, जबकि इनमें से आधे लोगों को बचाया जा सकता था। उन्होंने बोल्सोनारो सरकार पर



कोविड टीकों की खरीद में देरी और अप्रमाणित इलाज को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया।

बहस में मौजूदा राष्ट्रपति बोल्सोनारो भी पूर्व राष्ट्रपति लूला के खिलाफ तल्ख टिप्पणियां करने से नहीं चूके।

उन्होंने कहा कि लूला की पार्टी ने देश पर 14 साल शासन किया और इस दौरान इन लोगों ने देश को भ्रष्टाचार और घोटालों में झोंक दिया। उन्होंने कहा कि हालात इतने खतरनाक हो गए थे कि रिश्वतखोरी के आरोप में लूला को गिरफ्तार किया जा चुका है और उन्हें जेल तक जाना पड़ा था। उनके साथ उनके समर्थक दर्जनों नेता गिरफ्तार हुए थे।

## भारत से मिस्र कारोबार बढ़ाने को इच्छुक, जयशंकर ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

**काहिरा।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मिस्र यात्रा के दौरान राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाओं के साथ उन्होंने कहा कि अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत, मिस्र की जी20 में भागीदारी को महत्व देता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी ने भारत से व्यापार के कारोबार को बढ़ाने का आग्रह किया है। जयशंकर ने भारत-मिस्र व्यापार मंच को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा- 'मुझे राष्ट्रपति से मिलने का सम्मान मिला। हमारे दो सहयोगियों ने व्यापार कारोबार का जिक्र किया है। राष्ट्रपति सीसी ने मुझे बताया कि उन्हें नहीं लगता कि यह पर्याप्त है। इसलिए उन्होंने हमसे यह कहते हुए आग्रह किया कि इसे बढ़ाने के तरीके खोजें।'

मिस्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे जयशंकर ने अपनी इस मुलाकात की जानकारी देते हुए ट्वीट किया- 'मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात कर सम्मानित महसूस



**राष्ट्रपति सीसी ने मुझे बताया कि उन्हें नहीं लगता कि यह पर्याप्त है। इसलिए उन्होंने हमसे यह कहते हुए आग्रह किया कि इसे बढ़ाने के तरीके खोजें।'**

कर रहा हूं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं और एक व्यक्तिगत संदेश दिया।' जयशंकर ने कहा कि व्यापार में विस्तार करने का एक तरीका बाधाओं पर ध्यान केंद्रित करना है। विदेश मंत्री ने भारत-मिस्र संबंधों के विभिन्न आयामों को और विकसित करने में राष्ट्रपति सीसी के मार्गदर्शन की सराहना की। जयशंकर ने राष्ट्रपति को वित्तमंत्री समेह शौकरी के साथ अपनी चर्चा के बारे में जानकारी दी।

## ब्रिटेन में प्रदर्शनकारी को चीनी दूतावास में घसीट कर पीटा, प्रधानमंत्री चिंतित

**लंदन।** ब्रिटेन के शहर मैनचेस्टर में स्थित चीनी वाणिज्य दूतावास पर प्रदर्शन कर रहे एक व्यक्ति को दूतावास में घसीट कर पीटा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना को लेकर ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने गंभीर चिंता जाहिर की है।

मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक ब्रिटेन के प्रमुख शहर में स्थित चीन के वाणिज्य दूतावास के बाहर बड़ी संख्या में लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। ये लोग चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का विरोध करने के साथ हांगकांग में लोकतंत्र बहाली की मांग भी कर रहे थे। प्रदर्शन से जुड़े एक वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक प्रदर्शनकारी को चीन के वाणिज्य दूतावास के अंदर घसीटकर पीटा गया। पिटाई के इस वीडियो को सोशल मीडिया



पर खूब शेयर किया गया। इस वीडियो फुटेज में एक व्यक्ति को कई लोगों को मैनचेस्टर स्थित चीनी वाणिज्य दूतावास के गेट से भीतर घसीटते और उसकी पिटाई करते देखा जा सकता है। इसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने गेट के अंदर जाकर उस व्यक्ति को बाहर निकाला। अब लोग इस वीडियो को शेयर कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस हमले के बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस को इस घटना की पूरी जानकारी है और अधिकारियों ने तुरंत स्थिति पर काबू पा लिया। पूरी परिस्थितियों को समझने के लिए पुलिस पूछताछ कर रही है। इस बीच ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस तक यह मामला पहुंच गया है।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने कहा कि मैनचेस्टर स्थित चीनी दूतावास के भीतर से एक व्यक्ति पर हुआ हमला अत्यधिक चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी है। पुलिस की पूछताछ भी जारी है।

## तालिबानी फरमान से डरकर महिला ने जान दी, प्रेमी को दी थी फांसी

**काबुल।** तालिबान की दहशत अफगानिस्तानी महिलाओं के लिए मुसीबत साबित हो रही है। अफगानिस्तान के घोर प्रांत में एक महिला को विवाहित पुरुष के साथ घर छोड़कर भागने पर पत्थर मारने की सजा सुनाई गई थी। उसके प्रेमी को 13 अक्टूबर को फांसी दे दी गयी थी। महिला ने सार्वजनिक अपमान से बचने के लिए तालिबानी फरमान से डरकर पहले ही आत्महत्या कर ली।

हाल ही में अफगानिस्तान के अलग-अलग प्रांतों में महिलाओं के घर छोड़कर जाने की घटनाएं बढ़ी हैं। तालिबान ने अवैध तरीके से शादी करने पर महिलाओं को पत्थर मारकर मौत के घाट उतारने या फिर सार्वजनिक तौर पर कोड़े मारने की सजा सुनाई है। इस सजा से बचने के लिए कई महिलाएं आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गयीं हैं। तमाम महिलाओं ने घर भी छोड़ दिए हैं।

**तालिबान ने अवैध तरीके से शादी करने पर महिलाओं को पत्थर मारकर मौत के घाट उतारने या फिर सार्वजनिक तौर पर कोड़े मारने की सजा सुनाई है।**

वैसे भी अफगानिस्तान पर तालिबान शासन के बाद से महिलाओं पर पाबंदियां बढ़ी हैं। इस कारण अफगानिस्तान में महिलाओं को मानवाधिकार संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें भेदभाव, शिक्षा, काम, सार्वजनिक भागीदारी और स्वास्थ्य के मौलिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

## जिनपिंग के ताजपोशी सम्मेलन में दिखाया गलवान में भारतीय सैनिकों संग झड़प का वीडियो

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पुनः ताजपोशी के लिए आयोजित 20वीं कांग्रेस में लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों के साथ चीनी सैनिकों की झड़प का वीडियो दिखाया गया। इस दौरान चीनी सेना का वह कमांडर भी मौजूद था, जो गलवान में हुई झड़प के दौरान भारतीय सैनिकों के जवाबी हमले में गंभीर रूप से जख्मी हो गया था।

चीन में इस समय सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी का सम्मेलन चल रहा है। माना जा रहा है कि इस सम्मेलन में चीन के मौजूदा



राष्ट्रपति शी जिनपिंग को एक और कार्यकाल दिये जाने पर फैसला होगा। इस सम्मेलन में चीन की राजनीति, अर्थनीति व सैन्य क्षमताओं से इतर भारत को लेकर चर्चा होना लोगों को चौंका गया है। बीजिंग स्थित द ग्रेट पीपुल्स हॉल में चल रहे इस सम्मेलन के दौरान बड़ी स्क्रीन पर भारतीय सैनिकों के साथ चीनी सैनिकों की झड़प का वीडियो दिखाया गया।

जिस समय यह वीडियो दिखाया गया, उस समय हॉल में चीनी सेना के कई कमांडरों सहित कमांडर की फाबाओ भी मौजूद था। कमांडर फाबाओ 15 जून, 2020 को लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय सेना के साथ हुई झड़प के दौरान चीन की ओर से मौजूद था। इस झड़प में कमांडर फाबाओ को भारतीय सैनिकों ने पकड़ लिया था। भारतीय सैनिकों की जवाबी कार्रवाई में फाबाओ गंभीर रूप से जख्मी भी हो गया था। माना जा रहा है कि चीनी सेना अब तक उस मनोवैज्ञानिक दबाव से निकल नहीं पाई है, इसीलिए फाबाओ समेत अन्य 304 कमांडरों के सामने भारत की जवाबी कार्रवाई का वीडियो दिखाया गया। कम्युनिस्ट पार्टी के इस सम्मेलन में देश भर से कुल 2296 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं, जिनमें से 304 प्रतिनिधि सेना के हैं। कमांडर फाबाओ भी उनमें से एक है। सम्मेलन में चलाए गए वीडियो में भी फाबाओ दिखाई दे रहा था।

## विकसित देशों के फैसलों के वैश्विक प्रभाव को लेकर चिंतित हैं कई देश : सीतारमण

**वित्त मंत्री ने भारतीय-विदेशी विद्वानों और छात्रों के समूह के साथ भी बातचीत की**

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की बैठक में भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकसित देशों के राजनीतिक और आर्थिक निर्णयों के वैश्विक प्रभाव पर चिंता व्यक्त की है। सीतारमण ने विभिन्न अमेरिकी विश्वविद्यालयों मैरीलैंड विश्वविद्यालय, हार्वर्ड

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

लगाने के बजाय सुरक्षा उपाय करने चाहिए।

सीतारमण ने यहां भारतीय पत्रकारों के एक समूहों के साथ



बातचीत में कहा कि उन्होंने अपनी द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय बैठकों के दौरान भी यह मुद्दा उठाया। उनकी यह टिप्पणियां ऐसे वक्त में आई है जब अमेरिका की अगुवाई में पश्चिम देशों ने रूस से तेल का आयात कम कर दिया है और वह अन्य देशों को भी चेतावनी दे रहे हैं कि अगर उन्होंने रूस से तेल खरीदा तो उन्हें प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।

**ईडी पूरी तरह स्वतंत्र : सीतारमण**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का राजनीतिक या प्रतिशोध के लिए इस्तेमाल किए जाने के आरोप खारिज करते हुए कहा है कि ईडी अपना काम करने के वास्ते पूरी तरह स्वतंत्र है। अमेरिका की अपनी यात्रा के खत्म होने पर संवाददाता सम्मेलन में सीतारमण ने वित्त मंत्रालय की दो शाखाओं आयकर विभाग और ईडी के जरिए कॉरपोरेट क्षेत्र तथा लोगों में किसी तरह का भय पैदा करने से इनकार किया।

उन्होंने कहा कि ईडी जो करता है उसमें वह पूरी तरह स्वतंत्र है और यह ऐसी एजेंसी है जो पहले ही दर्ज हो चुके अपराधों की जांच करती है। पहला अपराध किसी अन्य एजेंसी द्वारा पहले ही दर्ज कर लिया जाता है चाहे वह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो हो या कोई अन्य एजेंसी हो और इसके बाद ईडी का काम शुरू होता है।

## रूस के ताबड़तोड़ ड्रोन हमले से दहली यूक्रेन की राजधानी कीव

**कीव ।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर फिर बड़ा हमला किया है। रूस ने कामिकाजी ड्रोन से यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं। इन धमाकों से राजधानी कीव दहल उठी। इन हवाई हमले के बाद सायरन और विस्फोटों की तेज आवाज सुनाई दी है। मेयर विटाली क्लिट्स्को के मुताबिक, इन हमलों से आवासीय भवनों को भारी नुकसान पहुंचा है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के कार्यालय प्रमुख एंड्री यरमक ने कहा कि कीव पर किए गए हमले कामिकाजी ड्रोन से किए गए है। पिछले हफ्ते भी कीव और यूक्रेन के कई अन्य शहरों में रूसी मिसाइलों से हमला किया गया था। इस हमले में कई लोगों की मौत हुई थी। कामिकाजी ड्रोन को सुसाइड ड्रोन के नाम से भी जाना जाता है। कामिकाजी



जापानी शब्द है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हमला करने वाली स्पेशल यूनिट से यह नाम जुड़ा हुआ था। इसमें सैन्य पायलट अपने लड़ाकू विमान को क्रैश कर आत्मघाती अभियान चलाकर दुश्मनों का खात्मा करते थे। तब से किसी भी आत्मघाती अभियान को अंजाम देने और दुश्मन का खात्मा करने के लिए कामिकाजी शब्द जुड़ने लगा।

कामिकाजी ड्रोन रोबोटिक बम की तरह काम करता है। यह अपने लक्ष्य को निशाना बनाकर सटीक हमला करता है। यह ड्रोन जंगल से लेकर पहाड़ियों में छिपे दुश्मनों को खोज निकालता है। यह ड्रोन क्रूज मिसाइल और अनमैन्ड एरियल व्हीकल का मिश्रण है। यह एक तरह का उड़ने वाला हथियार है जो किसी भी तरह के जंग में काम आता है।

इसकी खासियत अपने शिकार को तुरंत पहचानना है। सबसे खतरनाक बात इसकी यह है कि यह लक्ष्य के आसपास घूमता है और फिर अपना लक्ष्य निर्धारित कर दुश्मन के चीथड़े उड़ा देता है।

## ब्रिटेन के नए वित्त मंत्री ने सभी कर कटौतियों को वापस लिया

**लंदन।** ब्रिटेन के नए वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने विवाद का विषय बनी हुई सभी कर कटौतियों को वापस लेने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने एक बयान में महंगे ऊर्जा बिल समर्थन को भी कम करने का ऐलान किया। हंट का यह बयान ब्रिटेन की राजकोषीय स्थिरता के बारे में बाजारों को आश्वस्त करने और अपने पूर्ववर्ती क्वासी क्वारटेंग द्वारा पिछले महीने पेश किए गए 'मिनी बजट' से लगे झटके को शांत करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की वित्तीय स्थिति में सुधार होने तक आयकर में एक पेंस की कटौती के फैसले को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। पूर्व वित्त मंत्री क्वारटेंग ने अपने मिनी बजट में इसे अप्रैल 2023 से लागू करने का ऐलान किया था। इसके अलावा सरकार की ऊर्जा मूल्य गारंटी केवल अप्रैल तक ही सार्वभौमिक होगी, जबकि मूल रूप से योजना दो साल के लिए थी। हंट ने एक बयान में कहा, सरकार ने आज 'मिनी बजट' में और बदलाव करने का फैसला किया है... हमने मध्यावधि की वित्तीय योजना से पहले इनकी घोषणा करने का फैसला किया है। उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री की तथाकथित वृद्धि योजना में निर्धारित लगभग सभी कर उपायों को उलटने की घोषणा की, जिन्हें अभी तक संसद की मंजूरी नहीं मिली है। एक पेंस की कटौती के रद्द होने के बाद आयकर की मूल दर अनिश्चित काल के लिए 20 प्रतिशत पर बनी रहेगी। लाभांश कर में 1.25 प्रतिशत की वृद्धि, जो इस साल अप्रैल में प्रभावी हुई थी, उसमें अब कटौती नहीं होगी। इसके अलावा ब्रिटेन में गैर-ब्रिटेन आगंतुकों के लिए एक नई वैट-मुक्त खरीदारी योजना को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा फरवरी 2023 से एक साल के लिए शराब शुल्क दरों को स्थिर करने के फैसले को भी आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। हंट ने कहा कि जरूरतमंद लोगों के लिए पर्याप्त समर्थन सुनिश्चित करने के लिए ये फैसले लिए गए हैं। उन्होंने रविवार को प्रधानमंत्री लिज ट्रस और बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर एंड्रयू बेली के साथ बैठक के बाद कुछ उपायों को तेजी से लागू करने का फैसला किया।